विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 151 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 03 मार्च 2025 डाक 04 मार्च 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

**विविधा**
मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा नई दिल्ली में पार्टी के पूर्वांचल मोर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए



**देश-विदेश**
वोटर लिस्ट से जुड़ेंगे मोबाइल नंबर और ई-मेल, नाम कटने पर तुरंत आएगा मैसेज



**फीचर पेज**
आखिर महिलाएं पुरुषों से ज्यादा क्यों रोती हैं.... एक स्टडी में सामने आई वजह



# छत्तीसगढ़ में पहली बार हस्तलिखित बजट पेश



**रायपुर, 03 मार्च [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला जब वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने हस्तलिखित बजट पेश किया। यह पहला मौका है जब राज्य में कंप्यूटर-टाइप्ड बजट की जगह खुद वित्त मंत्री के हाथों से लिखा गया बजट सदन में प्रस्तुत किया। यह बजट 100 पृष्ठों की है, जिसे पूरी तरह हाथ से लिखा गया है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इसे परंपराओं की ओर वापसी और मौलिकता को बढ़ावा देने का कदम बताया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में हस्तलिखित बजट पेश करना एक अलग पहचान और ऐतिहासिक महत्व रखता है। अब तक छत्तीसगढ़ विधानसभा में केवल कंप्यूटर-टाइप्ड बजट ही पेश किए जाते रहे हैं, लेकिन इस बार परंपरागत और अनूठे अंदाज में बजट तैयार किया गया। वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी का मानना है कि इससे प्रामाणिकता और पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। साय सरकार का दूसरा बजट इस बजट में सरकार की तरफ से हर वर्ग के लिए कई बड़ी घोषणाएं की गई। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने भाषण में कहा कि, हमारी सरकार का आधार अच्छी नियत और कर्मठता है। वित्त मंत्री चौधरी ने बताया की इस बार उन्होंने बजट को खुद अपने हाथों से लिखा है और उसे अब सदन में पढ़ रहे हैं। इस दौरान मंत्री चौधरी ने बताया कि, छत्तीसगढ़ का प्रति व्यक्ति आय 10 हजार से



बढ़कर डेढ़ लाख रुपए तक पहुंच गई है। ओपी चौधरी इस बार GATI थीम पर बजट पेश कर रहे हैं। गति मतलब G का अर्थ गुड गवर्नेंस, अर्थ एक्सलरेटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, T का अर्थ टेक्नोलॉजी और I का मतलब इंडस्ट्रियल ग्रोथ से है। इसके पहले चौधरी ने GYAN थीम पर बजट पेश किया था।ओपी चौधरी ने कहा कि रायपुर में IIM, AIIMS, NIT, IIIT रायपुर में एक भी राष्ट्रीय स्तर का संस्थान नहीं था, आज रायपुर में आईआईएम भी है। एम्स भी है, एनआईटी भी है। ट्रिपल आईटी भी है। प्लास्टिक इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट भी है और नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी भी है। वहीं छत्तीसगढ़ में सरकार अब सडकों के निर्माण पर फोकस कर रही है। इस योजना का नाम मुख्यमंत्री रिंग रोड योजना रखा है। इस योजना के लिए बजट में 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। अच्छी सडकों की वजह से प्रदेश में होने वाले औद्योगिक उत्पादन की ढुलाई में आसानी होगी। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने एक अहम घोषणा की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में पहले केवल 4 विश्वविद्यालय थे, लेकिन अब हमने उन्हें बढ़ाकर 25 कर दिया है। इस कदम को लेकर मंत्री ने कहा कि इससे राज्य में शिक्षा का स्तर बेहतर होगा और युवाओं को शिक्षा के अधिक अवसर मिलेंगे। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने एक और अहम घोषणा की। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा में डीएमएफ फंड से मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जाएगा, जिसकी लागत 250 करोड़ रुपये आएगी। यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और क्षेत्र के छात्रों को मेडिकल शिक्षा में मौके देने के लिए महत्वपूर्ण है। दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज बनने से न सिर्फ स्थानीय लोगों को फायदा होगा, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर भी ऊंचा होगा। साल 2025 के इस बजट में वित्तमंत्री चौधरी ने सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए सौगाते दी है। जिससे राज्य की जनता को राहत और समृद्धि की उम्मीद है।

## हरियाणा में नकल पर नकेल की तैयारी डीसी और एसपी की जवाबदेही तय

### पेपर लीक के बाद एक्शन में सीएम सैनी




**चंडीगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की परीक्षाओं में पेपर आउट होने के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी सख्ती के मूड में हैं। उन्होंने करीब तीन दर्जन अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई के आदेश जारी करने के बाद नकल रहित परीक्षाओं के लिए डीसी व एसपी की जवाबदेही तय की है। यदि किसी जिले में नकल होती है, पेपर लीक होता है अथवा आउट किया जाता है तो उसकी जवाबदेही डीसी और एसपी की होगी। मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद शिक्षा बोर्ड भी एक्शन मोड में आ गया है। शिक्षा विभाग ने पारदर्शी और नकल रहित परीक्षाएं कराने को लेकर एक्शन प्लान तैयार किया है। परीक्षा केंद्र वाले विद्यालयों में परीक्षा के दिन केवल वार्षिक परीक्षा की निगरानी ड्यूटी में लगे स्कूल के कर्मचारी ही परीक्षा के दौरान स्कूल में मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षा के दिन केवल निरीक्षण स्टाफ तथा परीक्षार्थियों को विद्यालय परिसर में प्रवेश की अनुमति होगी।

## 8 लाख में बेच दी दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट की नकली टिकट, अब पुलिस ने लिया बड़ा एक्शन



**चंडीगढ़।** पंजाबी गायक व अभिनेता दिलजीत दोसांझ के 14 दिसंबर 2024 को सेक्टर- 34 में हुए कॉन्सर्ट की टिकटों में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ठगों के एक गिरोह ने जीरकपुर के रहने वाले एक युवक को 8.22 लाख रुपये में आठ नकली टिकट दे दी। शिकायतकर्ता युवक इन टिकटों को लेकर कॉन्सर्ट में पहुंचा तो पता चला कि टिकटें तो नकली थी। वहां एंट्री गेट पर खड़े बाउंसर ने छह टिकटें फाड़ दी और बाकी बची दो टिकट उन्होंने चंडीगढ़ पुलिस को दिखाई और मामले की जानकारी दी।

## ओडिशा में मार्च महीने में ही झुलसा रही गर्मी, 38 डिग्री के पार पहुंचा तापमान




**भुवनेश्वर।** ओडिशा में मार्च महीने की शुरुआत के साथ ही सूर्य देव का प्रकोप बढ़ने लगा है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान कहता है कि आगामी दिनों में तापमान में और वृद्धि होगी। पश्चिमी और आंतरिक ओडिशा में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाएगा। वहीं, 12 मार्च के बाद उत्तर ओडिशा में गर्मी का प्रकोप बढ़ने के आसार हैं।

# प्रश्नकाल के दौरान स्पीकर रमन सिंह ने अजय चंद्राकर को टोका, कहा- हाईजैक नहीं करना है किसी का प्रश्न

**रायपुर 03 मार्च।** विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान अजीब सी स्थिति बन गई, जब भाजपा विधायक पुन्नूलाल मोहले प्रश्न करते हुए बैठ गए, क्योंकि भाजपा विधायक अजय चंद्राकर प्रश्न पूछने लग गए थे। इस पर स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने भाजपा विधायक अजय चंद्राकर को टोकते हुए कहा कि किसी का प्रश्न हाईजैक नहीं करना है। दरअसल, प्रश्नकाल के दौरान पूर्व खाद्य मंत्री और भाजपा विधायक पुन्नूलाल मोहले ने रसायनिक खाद और बीज के आवंटन का मुद्दा उठाया। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि आवंटन पहले निजी क्षेत्र को हो जाता है फिर किसानों को होता है। इसके लिए नीति बनायी जाएगी क्या। मेरे पास आंकड़ा है कि किसानों से ज़्यादा निजी क्षेत्र को आवंटन दिया गया है। इस पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि 60 फीसदी अपने सोसाइटी के ज़रिए किसानों को देते हैं और 40 फ़ीसदी निजी क्षेत्र को देते हैं।

सभी विद्वानों से बात कर इस मामले में जो बेहतर हो सकेगा उसके लिए आगे कार्रवाई करेंगे। पन्नुलाल मोहले ने गुणवत्ताहीन बीज वितरण का फिर प्रश्न करना चाहा, जिसपर आसंदी से विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आपको प्रश्न करना था तो बैठ क्यों गए। इस पर पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि अजय चंद्राकर पूछने लगे थे। अजय चंद्राकर ने कहा की आसंदी की अनुमति से प्रश्न किया हूँ। जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने कहा- किसी का प्रश्न हाईजैक नहीं करना है। इसके बाद पन्नुलाल मोहले ने प्रश्न पूछते हुए कहा कि गुणवत्ताहीन बीज का वितरण मेरे विधानसभा क्षेत्र में हुआ। क्या कार्रवाई हुई। कृषि मंत्री ने बताया कि हम बीज के बदले बीज भी देंगे। जाँच करवा लेंगे और कार्रवाई करेंगे। जो दोषी है उन पर भी सख्त कार्रवाई करेंगे। भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में भी खाद-बीज वितरण में समस्या है।

# बद्रीनाथ में शंख ध्वनि पर प्रतिबंध

**हिमस्खलन का खतरा**



**चमोली, 03 मार्च [एजेंसी]।**

चमोली जिले में स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बद्रीनाथ मंदिर में हिमस्खलन की आशंका के चलते शंख बजाने पर रोक लगा दी गई है। जहां एक ओर शंख बजाने का भगवान विष्णु से विशेष संबंध बताया जाता है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय पुजारी ने कहा है कि बद्रीनाथ मंदिर में शंख बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। उन्होंने कहा कि मंदिर धार्मिक प्रथाओं और वैज्ञानिक तर्क दोनों के प्रति प्रतिबद्ध है। बर्फबारी और शंख की ध्वनि के बीच संबंध बताते हुए पुजारी ने कहा कि स्थानीय किंवदंतियों के अनुसार शंख से उत्पन्न कंपन से आसपास के पहाड़ी क्षेत्र में हिमस्खलन हो सकता है। यह विश्वास हमारी परंपराओं में गहराई से निहित है और भक्तों और स्थानीय लोगों द्वारा समान रूप से गंभीरता से लिया जाता है। उन्होंने कहा कि मंदिर में आने वाले भक्तों को चेतावनी दी जा रही है कि ऐसे संवेदनशील वातावरण में छोटी-छोटी हरकतें भी बड़ा असर डाल सकती हैं। पर्यावरणविद् और चिपको आंदोलन के नेता चंडी प्रसाद भट्ट ने कहा कि बद्रीनाथ के मुख्य मंदिर को छोड़कर बद्रीपुरी का एक बड़ा हिस्सा हिमस्खलन के खतरे में है।

# धोखेबाज कपल! पंजाब में लोगों को चूना लगाकर दंपती ने की 3500 करोड़ से भी अधिक की ठगी, प्लान सुन हर कोई दंग




**जालंधर 03 मार्च।** पंजाब में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक कपल ने लोगों को चूना लगाकर 3500 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की ठगी की है। हालांकि, पुलिस ने इस आरोपी कपल को गिरफ्तार कर लिया है और फिलहाल ये ईडी की हिरासत में हैं। आइए जानते हैं लोगों की आंखों में धूल झोंकने वाले इस दंपती की कहानी। क्लाउड पार्टिकल्स घोटाले में निवेशकों से हजारों करोड़ों रुपये ठगने वाली कंपनी व्यूनाउ ग्रुप के प्रमोटर दंपती को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन रोधी कानून में दिल्ली हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। जालंधर में विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने मास्टरमाइंड सुखविंदर सिंह खरौर को दस व उसकी पत्नी डिंपल खरौर को पांच दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है। ईडी द्वारा जारी लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) के आधार पर दोनों को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया। पिछले महीने ईडी ने इस मामले में आरिफ निसार नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। व्यूनाउ ग्रुप का सीईओ व संस्थापक सुखविंदर सिंह खरौर इस घोटाले का मास्टरमाइंड है। ईडी ने कहा कि सीईओ ने अपने करीबी सहयोगियों के साथ मिलकर हजारों करोड़ रुपये के क्लाउड पार्टिकल्स के नाम पर घोटाला किया और निवेशकों का पैसा अपने निजी फायदे के लिए हड़प लिया। कंपनी ने निवेशकों को क्लाउड पार्टिकल्स (सर्वर) यह लालच देकर महंगे दामों में बेचे कि कंपनी ये क्लाउड पार्टिकल्स बाद में उनसे पट्टे (लीज) पर वापस ले लेगी और उनको किराए के रूप में मोटा लाभ देगी।

जांच में बिक्री और लीज-बैक मॉडल पर आधारित क्लाउड पार्टिकल्स का अंतर्निहित व्यवसाय मूल रूप से अस्तित्वहीन पाया गया और निवेशकों को धोखा देने के लिए अत्यधिक बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया। कंपनी ने इन आपराधिक गतिविधियों से 3,558 करोड़ रुपये की आय अर्जित की और इस आय का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के अलावा अन्य कार्यों में किया।

# बिहार में बजट से पहले विधानसभा में प्रदर्शन, महागठबंधन नेताओं ने उठाई ये मांग



**पटना, 03 मार्च [एजेंसी]।**

बिहार विधानसभा में आज राज्य की नीतीश सरकार वर्ष 2025-26 का बजट पेश करने वाली है। इसके पूर्व विधानसभा परिसर में महागठबंधन के नेताओं ने सदन पोर्टिको में जोरदार प्रदर्शन किया। विधानसभा में सोमवार को दूसरी पाली में राज्य सरकार अपना बजट पेश करने वाली है। इसके पहले पहली पाली में आज सदन की गतिविधि प्रारंभ हो इसके पूर्व विधानसभा परिसर में गठबंधन के विभिन्न सदस्यों ने अलग-अलग मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी नारे लगाए। प्रदर्शन करने वाले राजद सदस्यों की मांग थी कि राज्य सरकार विधवा एवं दिव्यांग पेंशन को प्रतिमाह 400 से बढ़कर 1500 रुपये करे। वहीं वामपंथी सदस्यों ने बनारस में सासाराम की बेटी से हुए दुष्कर्म के मामले को लेकर सरकार विरोधी नारे लगाए। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे सदस्यों ने नीतीश सरकार से मौन तोड़ने की अपील की। जमुई में भी हुई दुष्कर्म की घटना के विरोध में प्रदर्शन करने वाले नेताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए।

## वैन में लगी आग, सवार थी गर्भवती महिला

**अंबिकापुर।** जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां एक गर्भवती महिला को लेकर जा रही वैन में अचानक आग लग लग गई। दरसअल, यहां गर्भवती महिला को वैन डिलीवरी कराने के लिए अस्पताल लेकर जा रही थी। इसी दौरान महिला ने वैन में ही बच्चे को जन्म दिया। तभी अचानक वैन में आग लग गई। जिसके बाद अफरातफरी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार, मामला लखनपुर इलाके का है। बताया जा रहा है कि आग रेडियेटर के फटने के कारण लगी थी।


## हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार ने गंवाई शुरुआती बढ़त

### ऊपर चढ़कर लुढ़के सेंसेक्स-निफ्टी




**मुंबई।** शेयर बाजार हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को हरे निशान पर खुला। हालांकि, जल्द ही बाजार लाल निशान पर भी आ गया। बीते हफ्ते गिरावट के सुनामी में फंसे निवेशकों के लिए दिन की शुरुआत तो अच्छी हुई, लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकी। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 429.31 अंक चढ़कर 73,627.41 अंक पर आ गया। ऐसे ही निफ्टी 130 अंक बढ़कर 22,254.70 अंक पर पहुंचा। हालांकि, थोड़ी देर बाद सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट देखने को मिली और यह लाल निशान पर पहुंच गया। इसके अलावा शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया छह पैसे बढ़कर 87.31 डॉलर के स्तर पर पहुंचा।

## मोस्टवांटेड नक्सली ने किया सरेंडर



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में चलाये जा रहे पुनर्वास व नक्सल उन्मूलन अभियान सफल साबित हो रहा है। 20 लाख के ईनामी नक्सली दंपती ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। मोस्टवांटेड नक्सली DVCM दिनेश मोडियम व सीएनएम अध्यक्ष पत्नी ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। दोनों कई बड़े घटनाओं में शामिल रहे है। दम्पति नक्सली संगठन के विचारों से हुआ मोहभंग और मिली निराशा एवं संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद के चलते आत्मसमर्पण किया।

## बीमार पड़ने का बहाना, कर्मचारी सस्पेंड

दुर्ग 03 मार्च। भिलाई नगर निगम आयुक्त ने 3 कर्मचारियों पर कार्रवाई की है। काम में लापरवाही बरतने पर चेतन ताम्रकार को सस्पेंड कर दिया गया है, जबकि दो कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निगम आयुक्त को लगातार ऐसी शिकायत मिल रही थी कि, पूरे निगम में 42 कर्मचारी विभागीय कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं। वो लोग कभी तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर ड्यूटी नहीं आते, तो कभी कुछ और बहाना बना देते हैं। निगम आयुक्त ने ऐसे सभी कर्मचारियों की एक लिस्ट बनवाई और उनकी ड्यूटी निगम के अलग-अलग उद्यानों में पानी डालने और साफ सफाई के कार्य में लगवाई थी।

Delite Fashion
Transport Nagar
वैवाहिक एवं फैंसी साड़ियाँ
SUBHASH | Ambica | Cotton | SILK
Wedding Collection
Suiting | Shirting | Sherwani
Indowestern | Coat Suit
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099



स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# पाली,छुरी,और बांकी मोंगरा में अध्यक्ष समेत पार्षदों ने ली शपथ



## उद्योग मंत्री देवांगन बनें साक्षी

**कोरबा।** नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत नव निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों ने उद्योग,वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक प्रेमचंद पटेल की उपस्थिति में शपथ ली। एसडीएम पाली और कटघोरा ने दिलाई शपथ नगर पंचायत पाली में एसडीएम श्रीमती सीमा पात्रे ने नव निर्वाचित अध्यक्ष अजय जायसवाल और पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नगर पंचायत छुरी में श्रीमती पद्मिनी प्रीतम देवांगन और पार्षदों को एसडीएम कटघोरा रोहित सिंह ने शपथ दिलाई।

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती सोनी झा,दीपका में अध्यक्ष राजेन्द्र राजपूत और पार्षदों को एसडीएम कटघोरा श् रोहित सिंह ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्षों और पार्षदों ने उद्योग मंत्री श्री देवांगन से आशीर्वाद प्राप्त किया। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्षों और पार्षदों को बधाई तथा शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री देवांगन ने इस अवसर पर कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के साथ ही आने वाले दिनों में निकायों के अंतर्गत वार्डों में भी समुचित विकास नजर आएगी। मंत्री श्री देवांगन ने सभी की सहभागिता से गाँव से लेकर शहर तक विकास की गंगा बहाने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।





## यूथ हॉस्टल के सदस्यों ने महाकुंभ और विंध्यवासिनी की यात्रा की, रहे अच्छे अनुभव

**कोरबा।** यूथ हास्टल एसोशियन ऑफ इंडिया कोरबा यूनिट राज्य ने 23 से 26 फरवरी 2025 तक अपना महाकुंभ इस्नान और विंध्यवासिनी मंदिर का दौरा पूरा किया। कोरबा इकाई ने सदस्यों के लिए महाकुंभ इस्नान और विंध्यवासिनी मंदिर दर्शन का आयोजन किया। इस दौरान सभी सदस्यों के काफी अच्छे अनुभव रहें।

कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष संदीप सेठ के नेतृत्व में, कोषाध्यक्ष पीएल मिरेंद्र, आयोजन सचिव राहुल गुप्ता, कल्पना सेठ और सुभाष पांडा के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, भिलाई और रायपुर से लगभग 35 सदस्य शामिल हुए। कोरबा से प्रयागराज तक मिर्ज़ापुर और वापसी की यात्रा बस से की गई। सदस्य बहुत खुश थे क्योंकि यह पहला मौका था धार्मिक यात्रा जो इकाई द्वारा आयोजित किया गया था। प्रतिभागी 8 वर्ष से 75 वर्ष तक सभी आयु वर्ग के थे। सदस्यों ने बस के अंदर ही परिचय दिया, अंताक्षरी, एकल गीत, प्रमाणपत्र वितरण आदि इनडोर गेम खेले। होली डिप सभी को मंत्रमुग्ध कर देने वाला था। सभी सदस्य दोनों स्थानों पर जाकर प्रसन्न हुए। कार्यक्रम को सुचारु रूप से आयोजित करने में रीना मिश्रा, रोली, शिव कुमारी, संकल्प, संदीप पाल, न्यूटन पति, सुरश्री, रश्मी, डॉ. निशांत, डॉ. वान्या त्रिपाठी, मन्नू शर्मा, दीपा, निशा, मोहिता, वेदांत, अनुजा आदि का सहयोग रहा। अध्यक्ष ने बताया कि यूथ हॉस्टल, कोरबा इकाई जल्द ही अयोध्या और काशी जाने का भी कार्यक्रम बनाएगी।



## भाजपा पर्यवेक्षक ने सभापति हेतु बैठक आयोजित कर की रायशुमारी

**कोरबा ।** कोरबा नगर निगम भाजपा पार्षद दल की एक महत्वपूर्ण बैठक दीनदयाल कुंज में संपन्न हुई। जिसमें भाजपा पर्यवेक्षक रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा भी शामिल हुए। उन्होंने सभापति के लिए पार्षदों से एक-एक कर चर्चा की। लेकिन किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन पायी। चार दावेदारों का एक पैनल बनाया गया है। जिसमें से एक नाम पर प्रदेश नेतृत्व निर्णय लेगा। रायपुर विधायक और पर्यवेक्षक ने कहा कि जनता ने भाजपा को भरपूर समर्थन दिया है। महापौर और पार्षदों को अब जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए काम करना होगा। अब तक सभापति के लिए 4 नाम सामने आए हैं। जिसमें नरेंद्र देवांगन, पूर्व नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, अशोक चावलानी और चंद्रलोक सिंह का नाम शामिल है। निगम में इस बार अधिकांश भाजपा पार्षद नए हैं। 67 वार्डों में 45 पार्षद भाजपा के हैं। इस वजह से दूसरे पार्षदों का सहयोग लेना नहीं पड़ेगा। इसमें जातिगत समीकरण के साथ ही क्षेत्र को लेकर भी निर्णय हो सकता है। लेकिन अंतिम निर्णय अब प्रदेश नेतृत्व को ही करना पड़ेगा। बैठक में कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला संगठन प्रभारी गोपाल साहू, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर, नवनिर्वाचित महापौर संजू देवी राजपूत, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन गर्ग, महामंत्री संतोष देवांगन, अशोक चावलानी के साथ ही मंडल अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

# विकासखंड स्तरीय : एफएलएन टीएलएम मेला करतला में संपन्न





**कोरबा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्राथमिक स्तर पर बच्चों को मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान प्रदान करना है, स्वयं से सीखना, सीखने को कैसे सीखते हैं जिसके अंतर्गत करतला विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तरदा में दिनांक 01/03/2025 को विकासखंड स्तरीय एफएलएन टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाइट प्राचार्य रामहरि शराफ ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में बीईओ करतला संदीप पांडे, बीआरसी करतला अजय तिवारी, कोरबा जिले से आये हमारे एसआरजी ज्योति श्रीवास, श्रद्धा शर्मा, उतरा साहू उपस्थित रहे।डाइट कोरबा टीएलएमप्रभारी किरण लता शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं करतला प्रभारी शांतिलाल कश्यप सह प्रभारी राजेश राजवाड़े तथा समस्त डीआरजी लतीफ खान अंसारी, लाल सिंह कंवर, बसंत कुमार मिरी,बलिहार सिंह पैकरा, मंजू लता प्रधान, नरेंद्र दिवाकर, भागवत जायसवाल, नरेंद्र चन्द्रा, सीएसी राजेंद्र राजवाड़े, रेशम राजवाड़े, जितेन्द्र बघेल, सुजित वैष्णव, सावन बंजारे, विजेंद्र पाटले, समस्त सीएसी करतला, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक दिलेराम पटेल के अथक प्रयास से एक भव्य एफएलएन टीएलएम मेला का आयोजन किया हुआ। एफएलएन टीएलएममेले में मुख्यत: बच्चों के द्वारा बनाए गए टीएलएम स्वयं बच्चों द्वारा ही प्रस्तुत किया गया, जिन्हें डाइट प्राचार्य एवं अन्य आगंतुकों द्वारा काफी पसंद किया गया। इस मेले में आकर्षक टीएलएम के साथ ही साथ जादुई पिटारा, सेल्फी जोन इस मेले के आकर्षण का केंद्र रहा। एफएलएन टीएलएम मेले में विकासखण्ड करतला के समस्त संकुल से आये समस्त छात्र/छात्राओं को उनके अच्छे प्रदर्शन हेतु उपहार स्वरूप एक- एक पेन प्रदान किया गया। उपस्थित समस्त शिक्षक, संकुल समन्वयक, समस्त डीआरजी को कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सम्मान पत्र वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।



## प्रभात फेरी के साथ बच्चों को पोष्टीक आहार का वितरण

**कोरबा।** जिले के रजगामार ग्राम पंचायत मे प्रत्येक, रविवार, अवकाश के दिन गांव के बच्चों की प्रभात फेरी निकलने के साथ उन्हें दही और छाछ, का वितरण किया जाता है

ग्रामीण अंचल रजगामार मे बालाजी गौशाला समिति के द्वारा पिछले छै महीन से एक अभियान शुरू किया गया, ग्राम केसला मे स्थापित गौशाला परिसर मे भगवान श्री कृष्ण की लगभग 35,फुट उची प्रतिमा की प्राण पार्टतिष्ठा किये जाने बाद से, केसला सहित आस पास के ग्रामो मे महीने के हर रविवार, को स्कुल मे अवकाश होने के कारण प्रभातफैरी निकाली जाती है भगवान के भजन के साथ यह प्रभात फेरी ग्रामो का भ्रमण करने के बाद बच्चों को पोष्टीक आहार के रूप मे कभी दूध और छाछ, दिया जाता है ताकि, बच्चे सँस्कारित होने के साथ स्वस्थ और बलवान, बन सके, ग्रामीण अंचल मे चल रहे इस अभियान मे बच्चों के पालक भी जुट रहे है,

# शपथ ग्रहण समारोह का कांग्रेस पार्षदों ने किया बहिष्कार



**कोरबा।** बाँकी मोंगरा कोरबा जिले की नगर पालिका परिषद बांकीमोगरा में प्रथम बार हुए निर्वाचन में निर्वाचित अध्यक्ष सहित पार्षदों का शपथ समारोह विवादास्पद बन गया। काफी विरोध के बीच यहां शपथ समारोह संपन्न हुआ। हनुमान चौक पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के पार्षदों ने कार्यक्रम का विरोध करते हुए इस बात पर आपत्ति जताई कि कार्यक्रम के लिए बनवाए गए बैनर पोस्टर से कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद और समारोह की विशिष्ट अतिथि श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंत की तस्वीर ही गायब थी। कांग्रेस के पार्षदों ने मंच पर स्थान ग्रहण नहीं किया और न ही शपथ समारोह में शामिल हुए बल्कि वह मंच से नीचे उतरकर अपना विरोध प्रकट करते हुए नारेबाजी करते रहे। कांग्रेस पार्षदों का आरोप यह भी रहा कि कार्यक्रम पूरा भाजपा मय किया गया और प्रशासन के कार्यक्रम में कांग्रेस पार्षदों के बैठने की जगह नहीं बनाई गई। तहसीलदार ने कांग्रेस पार्षदों को समझाने का प्रयास किया लेकिन नाराज़ पार्षद अपनी मांग पर अड़े रहे। विरोध के बीच कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के द्वारा निर्वाचित अध्यक्ष सहित भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों व एक बसपा व निर्दलीय पार्षदों को शपथ दिलाई गई। बांकीमोंगरा नगर पालिका में इस गतिरोध को लेकर काफी तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। इस बात को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं कि आखिर जब आमंत्रण कार्ड में सांसद श्रीमती महंत का नाम विशिष्ट अतिथि के तौर पर लिखा गया, तो फिर बनवाए गए बैनर पोस्टर से उनकी तस्वीर गायब क्यों रखी गई हालांकि तस्वीर तो विशिष्ट अतिथि कटघोरा के भाजपा विधायक प्रेमचन्द पटेल की भी नहीं दिखी। पर सांसद को लेकर सवाल है कि क्या यहां दलगत राजनीति हो रही है और यदि इस तरह से भविष्य में भी दलगत राजनीति होती रही तो हर मोर्चे पर कहीं ना कहीं अध्यक्ष को विरोध का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि बांकीमोंगरा नगर पालिका का यह पहला चुनाव 30 वार्डों में हुआ जिसमें 13 पार्षद कांग्रेस के, 10 भाजपा और 6 निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए हैं।



## मेडिकल कॉलेज में मनाया गया वार्षिक उत्सव

कोरबा। स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा में उमंग 2025 वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर अजीत वसंत मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कलेक्टर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और चिकित्सा महाविद्यालय में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा शासकीय संस्थाओं में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है।

कलेक्टर ने कहा कि चिकित्सा का कार्य सेवा से भी जुड़ा हुआ है, इसलिए यहां से अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद आप मरीजों का बेहतर उपचार कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन अवश्य करें।

उन्होंने कहा कि जिस तरह आप मेडिकल कॉलेज में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, उसी तरह आप शासकीय संस्थाओं में रहकर सेवाएं भी दें।कलेक्टर ने वार्षिकोत्सव समारोह के अवसर पर सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने फाइन आर्ट का शुभारंभ किया और विजेता रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय के डीन डॉ.के.के. सहारे ने कलेक्टर का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि कलेक्टर द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा के उन्नयन एवं विकास हेतु डी.एम.एफ एवं सी.एस.आर मद से लगभग 60-70 करोड़ रूपए सहयोग किया गया है। चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा में मरीजो के हित के लिये भविष्य में सी.टी.स्केन मशीन एवं एम. आर. आई मशीन की सुविधा हेतु उचित कार्यावाही किया जा रहा है। जिससे की मरीजो बाहर न जाना पड़े। इस अवसर पर डॉ.गोपाल सिंह कंवर, संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक, तथा फाइन आर्ट के अध्यक्ष डॉ.आदित्य सिसोदिया एवं डॉ. अरुणिका सिसोदिया एवं अन्य चिकित्सा शिक्षक तथा छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।



## शपथ ग्रहण से पहले निर्दलीय पार्षद ने थामा भारतीय जनता पार्टी का दामन, दिया समर्थन

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद दीपका में रविवार को अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत और पार्षदों का शपथ ग्रहण से पहले सुख सागर साहू ने भाजपा का दामन थाम लिया , उन्होंने गेवरा-दीपका साहू समाज के अध्यक्ष मुकेश साहू और उनके समर्थक के बीच उपस्थित होकर भाजपा में प्रवेश किया। भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने फूलों का हार पहना कर निर्दलीय पार्षद को भाजपा में प्रवेश कराया। नगर पालिका क्षेत्र के निर्वाचित निर्दलीय पार्षद सुखसागर साहू ने भारतीय जनता पार्टी को बिना किसी शर्त अपना समर्थन दे दिया है और वह भाजपा में शामिल हो गए हैं। 21 सदस्यों वाली नगर पालिका परिषद में भाजपा के पास 12 पहले से थे। अब इनकी संख्या 13 हो गई है। इस बीच भाजपा ने अपनी स्थिति को और मजबूत करने के लिए प्रयत्न किया और सफलता प्राप्त की। नगर पालिका के चुनाव में इस क्षेत्र से कुछ निर्दलीय पार्षद जीतकर आए हैं जिनमें शामिल सुखसागर साहू ने अपना समर्थन भाजपा को दे दिया है। इसलिए अब माना जा रहा है कि अध्यक्ष के साथ-साथ उपाध्यक्ष पद पर जीत का रास्ता सुनिश्चित करने में पार्टी को किसी प्रकार की मुश्किल नहीं होगी। नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत के साथ पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वारका शर्मा रमेश गुरुद्वान, रवि साहू, ऋषभ साहू अरविंद मलिक एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ड्रोन से हुआ सीमा क्षेत्र का निर्धारण

**कोरबा ।** जिले के कुसमुंडा एसईसीएल क्षेत्र ग्राम खोडरी ड्रोन कैमरा से सीमा क्षेत्र की प्रक्रिया की गई पूरीएसईसीएल प्रोजेक्ट डिजिकोल के तहत भूमि अधिग्रहण और प्रबंधन प्रणाली के सफल कार्यान्वयन के माध्यम से डिजिटल ट्रांसफोरमेशन को बढ़ावा दे रही है। इस पहल से भारत सरकार के विशेष अभियान 4.0 के तहत डिजिटलीकरण और प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर जोर दिया जा रहा है। प्रबंधन के समक्ष पुरानी जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया में रिकार्ड रखना काफी चुनौती पूर्ण काम था।

# राजस्व रिकार्ड में अंकित जाति के आधार पर सूत सारथी, सारथी सहीस और थनवार जाति का प्रमाण पत्र बनाए जाने की मांग

**कोरबा।** तिलक भवन प्रेस क्लब कोरबा में सहीस समाज सेवा समिति कोरबा के अध्यक्ष श्री लखन लाल सहीस ने कहा कब06 मई 2016 को भारत सरकार ने असाधारण राजपत्र द्वारा विभिन्न राज्यों के अनुसूचित जाति/जनजाति, संविधान संशोधन अधिनियम 2016 प्रसारित किया। संशोधन में छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति घासी/घसिया के साथ सईस, सहीस, सारथी, सूत-सारथी एवं थनवार को प्रतिस्थापित किया, जिसे छत्तीसगढ शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा सभी जिलों के कलेक्टरों को अनुपालन हेतु परिपत्र जारी किया गया। परिपत्र जारी करने के बाद जाति प्रमाण पत्र बनाने में तकनीकी कठिनाई हुई क्योंकि प्रतिस्थापित जातियों के जाति प्रमाण पत्र बनवाने संबंधी मिसल दस्तावेज में उक्त जाति अंकित ही नही है। उक्त तकनीकी कठिनाई का समाधान करने के लिए समिति द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 2012-2013 में शासन द्वारा परिपत्र जारी किया गया है जिसमें अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के प्रति अपमानजनक शब्दों का उपयोग न करने बाबत है जिसके अनुसार सरल कमांक 14 के जाति के पूर्वजो के मूल राजस्व दस्तावेत में अंकित जाति के आधार पर सतनामी सूर्यवंशी, रामनामी एवं अहिरवार का जाति प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर उनके संविधानिक अधिकारों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा । उक्त परिपत्र को आधार मानकर सहीस समाज द्वारा भी सरल कमांक 25 में पूर्वजों के राजस्व रिकार्ड में अंकित जाति घासी / घसिया के आधार पर जाति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु, परिपत्र जारी करने निवेदन किया गया, जिसे छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्वीकार कर दिनांक 16-01-2025 को उपरोक्त जातियों की अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी करने को परिपत्र जारी किया गया है। इस परिपत्र को जारी करवाने के लिए सहीस समाज सेवा समिति को लगभग 7 वर्ष तक निरंतर प्रयास करने पर सफलता प्राप्त हुई है जिसे क्रियान्वित कराने के लिए कलेक्टरों एवं जाति प्रमाणपत्र जारी करने वाले अधिकारियों को सूचित हो और कियान्वित किया जावे । पत्रकार वार्ता में कहा कि हम सुप्रिम कोर्ट के 7 जजों की खण्डपीठ द्वारा अनु जाति/जनजाति के पिछड़े एवं उपेक्षित जातियों को आरक्षण में आरक्षण देने संबंधी फैसले के तहत समाज द्वारा सहीस / सारथी समाज को भी अनुसूचित जाति में निर्धन एवं पिछड़ी मानकर अनुसूचित जाति में विशेष आरक्षण दिलवाने में सहयोग करे। प्रेस वार्ता में समाज के गंगाराम सागर, विजय प्रकाश सहीस,कैलाश मोंगरे, आशीष सुमेर,शिव कुमार सहीस, गजपति बंछोर उपस्थित थे।

## जल व्यर्थ बहाने वालों पर निगम करेगी सख्त कार्यवाही

**कोरबा ।** कोरबा जिले में नल जल कनेक्शन से नगर निगम शहर सहित पश्चिम क्षेत्र के कुल 67 वार्डों में पानी की आपूर्ति की जा रही हैं। जिले में गर्मी के दिनों में पीने के पानी की समस्या न हो और सभी घरों में जरूरत के अनुसार पानी आपूर्ति हो। इसके लिए नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पानी को व्यर्थ बहाने पर कार्रवाई करें। निगमायुक्त श्री पांडेय ने लोगों से आग्रह किया है कि वे पानी भरकर नलों की टोटियां बंद रखें। घरों में रखी अपनी टंकियों में फ्लोटवाल लगाएं। ताकि टंकियों से अनावश्यक पानी न बहे और इसकी बर्बादी को रोका जा सके। निगमायुक्त श्री पांडेय ने कोसाबाड़ी जोन के खरमोरा और दर्री जोन के जमनीपाली वार्ड में स्वच्छता ड्राइव का जायजा लिया। इस दौरान बस्तियों में भी पहुंचे और सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। बस्तीवासियों ने समस्या बताई। इस पर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। गर्मी में पानी की समस्या न हो इसके लिए सभी हैंडपंपों की जांच कराई जाएगी। आवश्यकतानुसार हैंडपंपों की मरम्मत व सुधार का कार्य होंगे। इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता सुरेश बरूवा, भूषण उरांव, अजीत तिग्गा, प्रकाश चन्द्रा, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, विपिन मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

## लोगों को नुक्कड़-नाटक से दी गई बैंकिंग की जानकारी


**कोरबा ।** भारतीय रिज़र्व बैंक के तहत अपराजिता महिला संघ मनी वाइज फाइनेंशियल लिट्रेसी ब्लॉक कॉओर्डिनेटर तारावती राठिया के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से करतला, बड़मार, घिनारा, बेहरचुंआ पंचायत में लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना, जन धन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, डिजिटल बैंकिंग लेन देन की जानकारी दी गई। अलग-अलग फील्ड में पैसे का निवेश करना, ऑनलाइन ट्रांसफर यूपीआई, उपभोक्ता व साइबर क्राइम अपने हित के सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने बैंकिंग के संबंध में अपनी जिज्ञासा भी पूरी की।

# अंधत्व निवारण कार्यक्रम का बुरा हाल, सत्र समाप्त होने में माहभर शेष

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम का जिले में बुरा हाल है। इस साल 35 सौ मोतियाबिंद से प्रभावित लोगों का ऑपरेशन करने का टारगेट रखा गया है। निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक महज 1720 लोगों का ऑपरेशन हो पाया है। वहीं अभी भी 1780 का ऑपरेशन किया जाना बाकी है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अब महज महीने भर का समय ही बाकी रह गया है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के माध्यम से हर साल पात्रता रखने वाले मोतियाबिंद से प्रभावित मरीज का ऑपरेशन शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क किया जाना रहता है। इसी के तहत जांजगीर चांपा जिले के पांच ब्लॉक को मिलाकर 3 हजार 500 मोतियाबिंद से प्रभावित लोगों के ऑपरेशन करने का टारगेट मिला है। अब तक 1720 लोगों का ही ऑपरेशन हो पाया है, जबकि अभी 1780 का ऑपरेशन करना बाकी है वहीं वित्तीय वर्ष समाप्त होने में मार्च महीने भर का समय ही बाकी रह गया है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि टारगेट पूरा करने में भी कितनी मशक्कत करनी पड़ सकती है। कार्यक्रम के तहत सरकारी अस्पतालों में मरीज का सफलतापूर्वक मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर मरीज को निशुल्क चश्मा एवं दवा का वितरण भी करना रहता है। इस तरह की व्यवस्था सरकारी जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रहती है। आंकड़ों पर गौर करें तो नवागढ़ ब्लाक में



983 मोतियाबिंद से प्रभावित मरीज के ऑपरेशन का टारगेट रखा गया है, जिसमें से 405 लोगों का ऑपरेशन हो पाया है। वहीं अभी 578 मोतियाबिंद से प्रभावित लोगों का ऑपरेशन करना बाकी है। इसी प्रकार अकलतरा ब्लाक में 649 मोतियाबिंद से प्रभावित लोगों के ऑपरेशन का टारगेट रखा गया है, जिसमें 325 लोगों का ऑपरेशन हो गया है। वहीं अभी 324 प्रभावित लोगों का ऑपरेशन करना अभी बाकी है। बलौदा विकासखंड में मोतियाबिंद से प्रभावित 595 लोगों के ऑपरेशन करने का टारगेट मिला हुआ है, जिसमें से 260 लोगों का ऑपरेशन हो चुका है। वहीं 335 मोतियाबिंद से प्रभावित मरीजों को ऑपरेशन करना अभी बाकी रह गया है। पामगढ़ ब्लॉक में मोतियाबिंद से प्रभावित 678 लोगों के ऑपरेशन कर निशुल्क दवा एवं चश्मा वितरण करने का टारगेट रखा गया है, है, जिसमें से 335 लोगों को ऑपरेशन हो पाया है, वहीं 343 का ऑपरेशन करना बाकी है। कुछ सालों पूर्व तक यह कार्यक्रम बंद कर दिया गया था, लेकिन इसे फिर से प्रारंभ कर दिया गया है। ऐसे में अब मोतियाबिंद प्रभावित लोगों का टारगेट के अनुसार ऑपरेशन करना बड़ी चुनौती बनी हुई है।

**नेत्र रोग चिकित्सक की कमी**

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मी वेत्र रोग चिकित्सक की कमी बनी हुई है. जिसके चलते मोतियाविद का ऑपरेशन करना बड़ी चुनौती बनी हुई है। राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत मोतियाविव से प्रभावित मरीजों का सरकारी अस्पतालों में निशुल्क ऑपरेशन के साथ दवा एवं चश्मा का वितरण भी करमा रहता है. लेकिन नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की कमी के चलते मोतियाबिंद ऑपरेशन का कार्य प्रभावित हो रहा है वहीं जो वित्तीय वर्ष चल रहा है, उसके मुताबिक ऑपरेशन टारगेट पूरा करने में महज महीने भर का समय बाकी रह गया है।

**चल रहा ऑपरेशन**

इस वितीय वर्ष 3 हजार 500 मोतियाबिद से प्रभावित मरीजों के ऑपरेशन का टारगेट है। लक्ष्य के अनुसार कार्य चल रहा है। ऑपरेशन को लेकर चिकित्सकों की व्यवस्था बनाई गई है।

-स्वाती चढ़ना सिसोदिया,
सीएमएचओ
जांजगीर-चांपा

## सटोरिए से जप्त किये 4.30 लाख रुपए बताएं 1 लाख रुपए

**जांजगीर-चांपा।** साइबर टीम को सट्टे के खिलाफ कार्रवाई में दो सटोरियों को पकड़ने में सफलता मिली है, लेकिन यह कार्रवाई अब सवालों के घेरे में आ गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 7 जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया और पुलिस ने 1 लाख रुपए नकद व 2 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इधर, सटोरिए के पत्नी का आरोप है कि साइबर सेल की टीम ने घर से 4.30 लाख रुपए लेकर गए हैं। इतना ही नहीं चार मोबाइल भी ले गए। उसके पति को मारा भी और गैरजमानती मामला बनाकर जेल दाखिल कर दिया। महिला ने पूरे मामले की शिकायत सोमवार को एसपी के पास करने की बात कही लेकर चर्चा है कि साइबर टीम ने जो जब्ती दिखाई वह वास्तविक रकम से काफी कम है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साइबर टीम ने विजय कसेर के घर दबिश दी और उन्हें हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि टीम ने उनके घर से 4 लाख रुपए नकद जब्त किए, लेकिन जब आधिकारिक रूप से जब्ती की गई तो केवल 1 लाख रुपए ही दर्शाए गए। इसके बाद कसेर को भालेराय मैदान ले जाया गया। जहां उनसे कड़ी पूछताछ की गई। इस दौरान साइबर टीम ने उन पर दबाव डाला कि वह किसी अन्य व्यक्ति का नाम बताए। कसेर ने एक व्यक्ति का नाम लिया लेकिन इसके बाद मामला और भी संदिग्ध हो गया।

**वीडियो बनाकर दबाव फिर पैसों की मांग की**

सटोरिए द्वारा लिए गए नाम के बड़े भाई के पास साइबर टीम के एक आरक्षक पहुंचा और आरोपी द्वारा ही बनाए गए वीडियो को दिखाकर धमकी दी कि अगर मामला दबाना है तो पैसे देने होंगे। यह घटना नगर में तेजी से चर्चा का विषय बन गई है और साइबर टीम की नीयत व कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े

**साइबर टीम की साख पर सवाल**

स्थानीय नागरिकों के बीच चर्चा है कि विजय कसेर के घर से लिए गए 4 लाख रुपए का क्या हुआ। यदि टीम ने वाकई यह राशि जब्त की थी तो फिर 1 लाख रुपए की जब्ती क्यों दिखाई गई। नगर में इस मामले को लेकर आक्रोश है और पुलिस की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।

साइबर सेल टीम पर जो भी आरोप लगे हैं वह सब बेबुनियाद है। टीम में चांपा थाने की टीम भी गई थी। पूरी रिपोर्ट पारदर्शिता के साथ बनाई गई है।लोग कुछ भी आरोप लगाते हैं।

**पारस पटेल, साइबर सेल प्रभारी**

## नाबालिग का किया अपहरण आरोपियों को 7 साल की सजा

**सक्ती ।** शादी का झांसा देकर भगाकर ले जाने वाले आरोपियों को अपर सत्र न्यायाधीश गंगा पटेल ने 7 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियोजन के अनुसार प्रार्थी पीड़िता के पिता द्वारा थाना मालखरौदा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिक पुत्री अपनी बुआ के घर में रहती थी। 3 अगस्त 2022 सुबह 4-5 बजे से उसकी पुत्री तथा भांजी घर से बिना बताए कहीं चली गई है। प्रार्थी की पत्नी को इसकी भांजी मोबाइल से बताई कि वे लोग घर से भाग गए है। उनके साथ दो लड़के कलाराम उर्फ शेखर कर्ष व कृष्णा सिदार उर्फ पुष्पेन्द्र है। उसे शंका है कि उसकी नाबालिक लड़की को कृष्णा सिदार उर्फ पुष्पेन्द्र बहला फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गए होंगे। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों डो का कथन लेखबद्ध किया गया। आरोपी पुष्पेन्द्र सिदार एवं कलाराम कर्ष द्वारा नाबालिक को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर डरा धमकाकर भगाकर सिकंदराबाद ले गए। जहां कलाराम कर्ष ने पुष्पेन्द्र सिदार से पीड़िता की मांग में सिंदूर भरवाकर शादी करा दिया, फिर गांव वापस आ गए, जो लड़की को छोड़कर गिरफ्तारी के भय से फिर से बाहर भाग जाने पर पतासाजी कर आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में आरोपियों के खिलाफ अपराध सबूत पाए जाने पर एवं विवेचना पूर्ण होने पर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। जिस पर अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) सक्ती गंगा पटेल ने आरोपी पुष्पेन्द्र सिदार उर्फ मोनू पिता भोलानाथ सिदार (24) व कलाराम सिदार उर्फ शेखर कर्ष पिता कन्हैयालाल कर्ष (25) निवासी छोटेरबेली थाना मालखरौदा जिला सक्ती धारा 366,34 के अपराध के लिए 7-7 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 5 हजार के अर्थदंडत से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो) मुन्ना पटेल सक्ती ने पैरवी की।

## दस किलोमीटर दूर परीक्षा देने जाने से मिली मुक्ति

**अकलतरा।** ग्राम किरारी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में नवीन परीक्षा केंद्र स्थापित होने से आसपास की विद्यार्थियों को अन्यत्र दूर स्थित परीक्षा केंद्र जाकर परीक्षा देने की परेशानियों से मुक्ति मिल गई है। किरारी में ही बोर्ड परीक्षा केंद्र खुलने से आसपास के विद्यार्थियों में हर्ष है।



गौरतलब है कि छतीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा शनिवार से शुरू हो गई है। इस वर्ष जिले में दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में 26 हजार 749 परीक्षार्थी परीक्षा देगे।बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 75 केन्द्र बनाए गए है। जिसमें नवीन परीक्षा केंद्र किरारी अकलतरा भी शामिल है। परीक्षा केंद्र किरारी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला किरारी, गायत्री विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल तरौद, शासकीय हाई स्कूल चोरभट्ठी, अमृतलाल कश्यप बाल संस्कार हायर सेकेंडरी स्कूल चोरभट्ठी, से दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में 253 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। नवीन परीक्षा केंद्र किरारी में परीक्षा के पूर्व मां सरस्वती तैल चित्र में अगरबत्ती पुष्प अर्पित कर व श्री फल तोड़कर परीक्षा केंद्र प्रारंभकिया गया। इस अवसर पर कृषि मंत्री राम विचार नेताम के प्रतिनिधि रमेश चंद श्याम ने कहा किरारी के बच्चे परीक्षा दिलाने 10 किलोमीटर दूर अकलतरा परीक्षा देने जाते थे।अब किरारी में परीक्षा केंद्र होने से यहां के विद्यार्थी गांव में ही परीक्षा दे पाएंगे। अन्य केंद्र में जाना नहीं पड़ेगा। सरपंच अशोक कश्यप के द्वारा सभी परीक्षार्थी को मिठाई खिलाकर स्वागत किया अच्छे परिणाम के साथ पास होने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रमेश चंद श्याम, परमेश्वरी श्याम,सरपंच अशोक कश्यप, किरारी केंद्राध्यक्ष पंचराम पटेल, शशिकांत दीवान, महेश्वर कश्यप, कमल कश्यप, शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शादी समारोह के दौरान करंट की चपेट में आकर एक की मौत, दो घायल

**जांजगीर-चांपा।** शादी समारोह के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। धुमाल की लाईट सुधारने के फेर में 11 केवी बिजली के तार की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं धुमाल संचालक और एक कर्मचारी बुरी तरह झुलस गए। घटना सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम जर्व की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 1 मार्च की रात ग्राम कनई से एक बारात जवें आई थी। धुमाल पार्टी की धून पर बाराती झूमते नाचते चल रहे थे। इसी दौरान पंचायत भवन के पास घुमाल के ऊपर लगी लाईट बंद हो गई। इसे ठीक करने के लिए घुमाल पार्टी के कर्मचारी ऊपर चढ़े। साथ में ग्रामीण राजू साहू भी ऊपर चढ़ा था। कम ऊंचाई से गुजर रहे 11केवी बिजली के तार की चपेट में आने से राजू साहू को मौत हो गई। वहीं धुमाल संचालक अमर बघेल और कर्मचारी गजेंद्र गुजरतिया बुरी तरह झुलस गए। दोनों को जिला अस्पताल जांजगीर लाया गया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद अमर बघेल की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बिलासपुर रेफर किया गया। वहीं गजेंद्र गुजरतिया का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

## शिव जयंती पर भव्य सद्भावना रैली का आयोजन

**जांजगीर।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सद्भावना सेवाकेंद्र द्वारा परमात्मा शिव के इस धरती पर आगमन की स्वर्णिम यादगार को शिव जयंती के रूप में भव्यता से मनाया गया। इस अवसर पर विशाल सद्भावना रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और जन-जन को परमात्मा शिव का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी रुक्मणि बहन (रायगढ़ सेवाकेंद्र) ने बताया कि शिव भगवान हमारे माता-पिता हैं और आत्मज्ञान के बिना उन्हें पहचानना संभव नहीं। जब तक हम स्वयं को केवल शरीर समझते रहेंगे, तब तक परमात्मा की सच्ची अनुभूति नहीं कर सकते।

उन्होंने आत्मा के महत्व और परमात्मा से संबंध की गहराई को समझाने पर जोर दिया। अधिवक्ता कमलेश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत एक आदि सनातन देश है, जहां ऐसे कार्यक्रम मानव समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। ब्रह्मा कुमारी चन्द्रिका ने बताया कि भारत सहित पूरे विश्व में महाशिवरात्रि महोत्सव अत्यंत श्रद्धा और भव्यता से मनाया जाता है। इस अवसर पर ओडिशा से आई बीके राजमोहिनी , बीके सरस्वती सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



## हिंदी का पेपर देख परीक्षार्थियों के चेहरे खिले

**गोधना ।** आदर्श ग्राम गोधना के शासकीय अनुदान प्राप्त संस्था सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोधना केंद्र क्रमांक 322002 में बोर्ड परीक्षा हुई। जिसमें 188 परीक्षार्थी में से 181 परीक्षार्थी उपस्थित हुए वहीं 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। नकल प्रकरण निरंक रहा। सभी परीक्षार्थियों के लिए कक्ष क्रमांक 1 से लेकर कक्षा क्रमांक 7 तक बैठक व्यवस्था बनाया गया था। परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र का प्रारूप छत्तीसगढ़ शिक्षा मंडल द्वारा जारी ब्लूप्रिंट के आधार पर आया था। जिससे उन्हें आसानी हुई। इस वर्ष के बोर्ड परीक्षा का यह प्रथम पेपर शांति माहौल में संपन्न हुआ।

## रेडी टू ईट नहीं पहुंचा, बच्चे पोषक आहार से होंगे वंचित

**बम्हनीडीह।** ब्लॉक मुख्यालय में अब तक रेडी टू ईट फूड का सप्लाई नहीं पहुंचा है। समय पर रेड टू ईट नहीं पहुंचने से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाला पोषक तत्व आंगनबाड़ी में नहीं मिल पाएगा।

माह के प्रथम सप्ताह के मंगलवार को अनिवार्य रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट फूड का वितरण किया जाता है, लेकिन बम्हनीडीह परियोजना को रेडी टू ईट का एक भी पैकेट बीज निगम से नहीं मिला है। ऐसे में बच्चों, गर्भवती माताओं, किशोरियों को पोषक तत्व तक नहीं मिल रहा है। परियोजना कार्यालय में जानकारी लेने से पता चला की अभी तक बीज निगम से उनको रेडी टू ईट का एक पैकेट भी प्राप्त नहीं हुआ है ना ही बीज निगम द्वारा आंगनबाड़ियों में रेडी टू ईट फूड की जा रही है।

रेडी टू ईट फूड नहीं मिला बीज निगम से रेडी टू ईट फूड प्राप्त नहीं मिला है। इसलिए आज तक वितरण नहीं हो पाया है।

– रिचा तिवारी, परियोजना अधिकारी, महिला एवम बाल विकास बम्हनीडीह

## फर्जी सिम कार्ड जारी करने वाले तीन गिरफ्तार



**जांजगीर-चांपा।** फर्जी तरीके से मोबाइल नंबर जारी कर धोखाधड़ी करने वाले पॉइंट ऑफ सेल के तीन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। दूसरों के डाक्यूमेंट का इस्तेमाल कर तीनों ने गलत तरीके से 102 सिम कार्ड जारी कर दिए थे। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा जिले में फर्जी तरीके से मोबाईल नम्बर जारी करने वाले मोबाइल दुकान के संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही करने निर्देश जारी किए गए है। निर्देश के परिपालन में थाना जांजगीर पुलिस एवं साईबर सेल द्वारा संयुक्त रूप से मोबाइल दुकान में रेड कार्यवाही की गई। इस दौरान फन मोबाइल नैला जांजगीर में 56 फर्जी सिम, रेखा मोबाइल से 19 फर्जी सिम एवं गनिक्स मोबाईल दुकान से 27 फर्जी सिम बरामद किए गए। इस प्रकार कुल 102 सिम ग्राहकों के जानकारी के बगैर तैयार करना पाया गया। पुलिस ने मोबाइल दुकान संचालक किशोर राम वानी, अंकिता गुप्ता, निखिल देवांगन को फर्जी सिम जारी करने के अपराध में गिरफ्तार किया। जांच दौरान दुकान संचालकों के द्वारा फर्जी सिम नंबर तैयार करना पाए जाने से आरोपियों के विरुद्ध धारा 318 (4) बीएनएस 66 (सी) आई टी एक्ट के तहत थाना जांजगीर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान उक्त तीनों मोबाईल दुकान संचालकों को घटना के संबंध में पूछताछ करने पर कुल 102 सिम ग्राहकों का पहचान प्रमाण पत्र (आधारकार्ड फोटो) प्राप्त कर उनके जानकारी के बगैर सिम तैयार करना स्वीकार किये। आरोपियों के द्वारा दूरसंचार के नियमों का उलंघन के नियमो का घटित करना पाये जाने से प्रकरण में धारा 42 (3) (ई) दूर संचार अधिनियम 2023 समाहित कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर 2 मार्च को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्यवाही निरीक्षक प्रवीण दिवेद्वी, उपनिरीक्षक सत्यम चौहान, सायबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक पारस पटेल, सहायक उपनिरीक्षक विवेक सिंह, राम प्रसाद बघेल, प्रधान आरक्षक मनोज तिग्गा, राजकुमार चन्द्रा, आरक्षक गिरीश कश्यप का योगदान रहा।

## पहले दिन 98 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**सक्ती।** छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के प्रारंभ होने पर पहले दिन एक मार्च को जिले के जिला शिक्षा अधिकारी एनके चंद्रा ने उड़नदस्ता टीम के साथ सक्ती विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या सक्ती के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने वहां उपस्थित स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बोर्ड परीक्षाओं के बेहतर संचालन संबंधी दिशा-निर्देश दिए। वहीं परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों से भी चर्चा की। सक्ती जिले में पहले दिन चारों विकासखंडों में 98 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं इस दिन एक भी नकल प्रकरण नहीं बना और पूरे जिले में शांतिपूर्ण व सफलतापूर्वक बोर्ड परीक्षा का प्रथम पेपर संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा ने जिले में अनुपस्थित रहे 98 परीक्षार्थियों के संबंध में भी संबंधित विकासखंड के शिक्षा अधिकारियों से आवश्यक चर्चा की।

## ब्रेकर पर ट्रक धीमा हुआ तो चोर ने निकाली धान की बोरी

**जांजगीर।** खोखरा जिला जेल बिल्डिंग के पास ब्रेकर पर धान लोड ट्रक को ड्राइवर ने धीमा किया। कुछ युवक ट्रक पर चढ़े और धान की बोरियां को गिराकर ले गए। इसकी जानकारी होने पर ट्रक ड्राइवर ने चोरों का पीछा किया। तब चोर स्कूटी छोड़कर वहां से भाग निकले। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के अनुसार मरकाडीह नवासी जयपाल कश्यप पिता बाबूलाल कश्यप ट्रक ड्राइवर है। वह अपने ट्रक क्रमांक सीजी 12 एस 1093 को लेकर चोरिया धान खरीदी केंद्र पहुंचा। यहां उसने ट्रक में धान लोड किया और उसे लेकर अमरताल स्थित धान संग्रहण केंद्र की ओर रवाना हुआ। रात लगभग साढ़े बारह बजे वह जांजगीर के जिला जेल बिल्डिंग के पास पहुंचा। यहां ब्रेकर होने की वजह से उसने ट्रक की स्पीड कम की और ब्रेकर को क्रॉस करने लगा। इसी बीच उसके ट्रक पर कुछ लोग चढ़ गए और धान की बोरियां गिराने लगे।

वह पुटपुरा मोड़ के पास पहुंचा तो वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने उसके ट्रक में कुछ लोगों के चढ़े होने की जानकारी दी। उसने मोड़ पास ट्रक रोका और नीचे उतरा तो एक स्कूटी क्रमांक सीजी 11 एटी 5490 खड़ी मिली, जिसमें दो बोरियां धान की रखी थी। उसने आसपास तलाश की, मगर गाड़ी मालिक की कहीं कोई जानकारी नही मिली। घटना के बाद जयपाल ने इसकी जानकारी ट्रक मालिक को दी और थाना पहुंचकर इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। बहरहाल पुलिस ने मामले में स्कूटी मालिक पर केस दर्ज किया है।

## डीएमएफ की राशि से हो रहे हैं गुणवत्ताहीन कार्य विधानसभा में उठाया जाएगा विधायक कश्यप

**जांजगीर-चांपा।** जिले के जनप्रतिनिधि कलेक्टर के सामने नतमस्तक होते दिख रहे हैं. जिले में करोड़ों की DMF की राशि का



बंदरबाट हो रहा है। शहर में खेल स्टेडियम से लेकर नहरिया बाबा रोड़ स्विमिंग पूल रोड़ में कंक्रीट रोड़ का निर्माण हो रहा हैं।

जिसमें कई खामियां नजर आ रही है. नहरिया बाबा रोड में रोड चौड़ीकरण हो रहा है जो सीमेंट के कंक्रीट से किया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार द्वारा रोड निर्माण में अनिमित्तता बरत जा रहा है। पुराने सीमेंट कंक्रीट होने के कारण बीच बीच को अधूरा छोड़ दिया जा रहा है. पैसे बचाने के चक्कर में ठेकेदार आधा अधूरा रोड का निर्माण कर रहा है। उसमें भी अब अब छोटे-छोटे पत्थर निकलने लगे है. वही सीमेंट का कंक्रीट टूटने लगा है। गुणवत्ताहीन रोड का निर्माण हो रहा है. यही हाल स्विमिंग पूल रोड का है, 15 दिन पहले सीसी रोड के बीच पत्थर अब दिखने लगे है, रोड में धूल उड़ रहा है. पूरे काम में सिंचाई विभाग निर्माण एजेंसी है. सिंचाई विभाग करोड़ों का टेंडर जारी किया हैं। जिसमें ठेकेदार की मनमानी एवं कलेक्टर का अड़ियल रवैया के चलते खराब रोड निर्माण हो रहा है. जिसकी शिकायत अब पब्लिक जन प्रतिनिधियों से करने लगी है. इस रोड़ में लोग कुछ ही दिन चल पाएंगे फिर से वही स्थिति से भुगतना पड़ेगा. फिर से नया टेंडर होगा, दूसरी, तीसरी बार एक ही रोड का निर्माण होगा और अफसर अपना जेब भरते रहेंगे। पूरे मामले में जब लोगों द्वारा विधायक से शिकायत की गई तो विधायक का कहना था कि मामले में शिकायत आई है जल्दी उच्च अधिकारियों एवं मुख्यमंत्री से चर्चा की जाएगी और विधानसभा में भी मामले को उठाया जाएगा, दोषी अफसरो एवं ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग करेंगे।

## शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य, कुर्रे हुए सम्मानित

**पामगढ़ ।** जिले में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पामगढ़ ब्लॉक के संकुल केंद्र मुड़पार (ब) शासकीय माध्यमिक अंतर्गत पूर्व शाला डुड़गा के प्रधान पाठक हरनारायण कुर्रे को सम्मानित किया गया। उन्हें विनोबा शिक्षण उत्सव 2025 के अंतर्गत प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन ओपन लिंक्स फाउंडेशन आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के तहत किया गया जिसमें उनके सराहनीय प्रयासों को मान्यता दी गई। उनके समर्पण और सकारात्मक शिक्षण वातावरण बनाने की प्रतिबद्धता ने छात्रों को प्रेरित करने और शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में कलेक्टर ने हरनारायण कुर्रे को सम्मानित किया और उनके योगदान की सराहना की।

## आरोपियों के कब्जे से 49.250 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद



**चांपा।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के कुशल मार्गदर्शन में थाना चांपा पुलिस द्वारा ग्राम कोसमंदा में अलग अलग जगह से रेड कार्यवाही किया गया जिसमे आरोपी सोहन बसोर उम्र 24 साल निवासी कोसमंदा थाना चांपा के कब्जे से 18 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब आरोपी रामकुमार बसोर उम्र 27 साल निवासी कोसमंदा थाना चांपा के कब्जे से 20.250 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं आरोपी जगन्नाथ सहिस उम्र 25 साल निवासी पुराना कालेज के पास भैंसा बाजार चांपा के पास से 11 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जुमला कीमती 9700/ रुपए को बरामद किया जाकर आरोपीगणों के विरूद्ध थाना चांपा में अलग अलग अपराध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया जाकर विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक डा. नरेश कुमार पटेल थाना प्रभारी चांपा,एएसआई बाबूलाल दिवाकर, प्रधान आरक्षक नर्सिंग बर्मन, प्रधान आरक्षक प्रकाश राठौर, आरक्षक डिकेश्वर साहू, माखन साहू, सुमन कंवर, मुद्रिका दुबे एवम थाना स्टाफ का सराहनिय योगदान रहा।

# राधा कृष्ण मंदिर में 10 को ग्यारस फागुन महोत्सव का होगा आयोजन

**सक्ती।** शहर के श्री राधा कृष्ण मंदिर में आगामी 10 मार्च को ग्यारस फागुन महोत्सव का भव्य आयोजन श्री श्याम परिवार शक्ति और श्री राधा कृष्ण मंदिर सेवा समिति शक्ति की ओर से संयुक्त रुप से किया जाएगा। जानकारी देते हुए आयोजक संस्था के सदस्यों ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्यारस फागुन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

10 मार्च को भव्य निशान यात्रा श्री राम मंदिर शक्ति से निकाली जाएगी, जिसमें श्याम प्रेमियों के लिए निशान निशुल्क होगा। 1 प्रेमी 1 निशान दिया जाएगा। अतिरिक्त निशान शुल्क 100 रुपए होगा। यह निशान यात्रा सुबह 9 बजे श्री राम मन्दिर से श्री राधाकृष्ण मन्दिर तक



निकाली जाएगी। श्री राधाकृष्ण मन्दिर से घर वापसी की निशुल्क वाहन व्यवस्था आयोजक संस्था की ओर से सभी श्याम प्रेमियों के लिए की गई है। आयोजक संस्था के सदस्यों ने बताया कि 09 मार्च को श्याम नाम की मेंहदी शाम 4.30 बजे से नृत्य नाटिका के साथ होगी। पावन ज्योत और भजनारंभ कार्यक्रम 10 मार्च की रात 7 बजे से श्री राधाकृष्ण मन्दिर सक्ती में होगा। भजन कार्यक्रम में महारानी सखी वृन्दावन और श्याम बंधु दिल्ली अपने सुंदर भजनों की प्रस्तुति श्री राधाकृष्ण मन्दिर में देंगे। आयोजक संस्था के सदस्यों ने बताया कि बाबा श्याम को अर्पित किए जाने वाले छप्पन भोग, भोग प्रसाद, सवामनी और अतिरिक्त निशान के लिए श्याम प्रेमी अशोक बंसल, संतोष अग्रवाल, संतोष हजारी गणेश, शैलेष अग्रवाल, श्री श्याम परिवार, श्री राधाकृष्ण मन्दिर सेवा समिति शक्ति के सदस्यों का सहयोग होगा। श्याम प्रेमियों, धर्म प्रेमियों को सह परिवार 10 मार्च के समस्त कार्यक्रमों में शामिल होकर पुण्य का भागी बनने कहा गया है।

**शपथ पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संजीव कुमार उम्र 53 वर्ष पिता श्री राज किशन शर्मा साकिन एम 340 विकास नगर कुसमुण्डा तह.दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)का निवासी हूँ। जो निम्नलिखित कथन थपथ पूर्वक करता हूं कि यह कि मेरा वास्तविक नाम संजीव कुमार पिता श्री राज किशन शर्मा (SANJEEV KUMAR S/O RAJ KISHAN SHARMA) है, जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक खाता व मेरे सेवा पुस्तिका में दर्ज है, जो सत्य एवं सही है। यह कि मेरे अंकसूची में मेरा नाम संजीव कुमार शर्मा पिता श्री राज किशन शर्मा (SANJEEV KUMAR SHARMA S/O RAJ KISHAN SHARMA) दर्ज हो गया है। यह कि संजीव कुमार पिता श्री राज किशन शर्मा (SANJEEV KUMAR S/O RAJ KISHAN SHARMA) एवं संजीव कुमार शर्मा पिता श्री राज किशन शर्मा (SANJEEV KUMAR SHARMA S/O RAJ KISHAN SHARMA) दोनो नाम एक ही व्यक्ति मेरे स्वयं का ही है किसी अन्य व्यक्ति का नहीं। यह कि मैं अपने पासपोर्ट में अपना नाम संजीव कुमार पिता श्री राज किशन शर्मा (SANJEEV KUMAR S/O RAJ KISHAN SHARMA) दर्ज करना चाहता हूँ जहां शपथ पत्र की आवश्यकता है। यह कि इस शपथ पत्र को मुझे संबंधित संस्था/कार्यालय में उक्ताशय के संबंध में प्रस्तुत करना है, जो मेरे द्वारा निष्पादित है।

**आवेदक**
**संजीव कुमार**
(SANJEEV KUMAR )
एम. 340 विकास नगर कुसमुण्डा
जिला कोरबा ( छ.ग. )

## अनमोल वचन......

संसार को कौल प्रकाश देगा, अतीत का आधार त्याग ही था और भविष्य में सम्पन्न सैकड़ों बुद्धों की आवश्यकता है।

# शराब नीति में हेरा-फेरी

आम आदमी पार्टी (आप) के क्रियाकलाप पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट अंततः दिल्ली विधानसभा के पटल पर रख दी गई। कुल चौदह मामलों पर कैग ने रिपोर्ट तैयार की हैं, लेकिन जिस रिपोर्ट पर सबकी नजर लगी थीं, वह आबकारी नीति के संबंध में है। इस रिपोर्ट में शराब नीति को लेकर कोई व्यवस्था जितनी तरह की लापरवाहियां बरत सकती है, जितनी तरह की अनियमितताएं कर सकती है, और विभिन्न हित समूहों के लिए भ्रष्टाचार की जितनी गुंजाइशें छोड़ी जा सकती हैं, उन सबका उल्लेख किया गया है।

पुरानी नीति की प्रक्रियागत खामियों को दूर करने के लिए ही नई नीति का मसौदा तैयार किया था लेकिन नई नीति के क्रियान्वयन में विशेषज्ञ समिति के अनेक सुझावों को दरकिनार किया गया। दिल्ली में शराब वितरण केंद्रों की न केवल संख्या बढ़ा दी गई, बल्कि वितरण उन क्षेत्रों में भी पहुंचा दिया गया जहां पहले प्रतिबंधित था यानी स्कूल और आवासीय परिसरों के निकट। उत्पादन और वितरण की एजेंसियों का भी मनमाने ढंग से चयन किया गया।

उन संस्थाओं को ठेके दे दिए गए जो पात्रता नहीं रखती थीं और रखती भी थीं तो उन्हें जरूरत से ज्यादा खुदरा विक्रय केंद्र आवंटित कर दिए गए। रिपोर्ट में यह उल्लेख स्पष्ट है कि शराब नीति में हेरा-फेरी और उसके क्रियान्वयन में जो तौर-तरीके अपनाए गए उनके चलते लगभग दो हजार करोड़ रुपये से ज्यादा नुकसान दिल्ली सरकार को हुआ। यह तभी हो सकता है, जब नुकसान की राशि का कुछ न कुछ हिस्सा उन लोगों के पास पहुंचा हो जिन्होंने नुकसान होने दिया और इसी ने ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों के लिए जांच की स्थितियां तैयार कीं जिसके कारण तबके मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह जैसे लोगों को जेल जाना पड़ा। यह रिपोर्ट लोक लेखा समिति को भेज दी गई है। उसकी रिपोर्ट मिलने पर शेष स्थितियां उजागर होंगी। लेकिन आप की सरकार अपने ऊंचे-ऊंचे वादों, विचारों के पैमानों पर असफल हुई और दुखद यह है कि पराजय के बाद भी उसके नेताओं ने सबक नहीं लिया है। वे शुद्ध राजनीति पर लौटने की बजाय हंगामा खड़ा करने में अब भी ज्यादा भरोसा किए हुए हैं।

## राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप अपने निजी जीवन में चली आ रही परेशानियों को खत्म करने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। कार्य क्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। सरकारी नौकरी पाने का प्रयास कर रहे हैं लोगों को नए अवसर मिलने की संभावना है।

वृष राशि- आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। इस दौरान आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। जिससे आपकी निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। व्यापार के विकास में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेंगे।

मिथुन राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। नौकरी में ट्रांसफर के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। परिवार के साथ आप खूबसूरत जगहों पर घूमने जा सकते हैं। ज

कर्क राशि- आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपके प्रयासों से सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ की संभावना बनेगी। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए अच्छी पदोन्नति मिलेगी। आप अपने काम के कारण काफी व्यस्त रहेंगे और परिवार को समय कम दे पाएंगे।

सिंह राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र के सकारात्मक माहौल में काम करने को मिलेगा। कलीग्स के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आज आप नया काम शुरू करेंगे। जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आप दूसरों की मदद करने की हर संभव कोशिश करेंगे।

कन्या राशि- आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज खुशखबरी मिलेगी, जिससे आपके चेहरे पर पूरे दिन मुस्कान बनी रहेगी। नौकरी में प्रमोशन की आपकी प्रतीक्षा समाप्त होगी। नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे। आज आप घर परिवार की समस्याओं को सुलझाने में कामयाब रहेंगे। आपके लिए आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी।

तुला राशि- आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं। आपकी सैलरी बढ़ सकती है। जमीन जायदाद के मामलों में कुछ समस्या आएगी, लेकिन कोर्ट कचहरी में आपको सफलता मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास मजबूत बनेगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलीयत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में काम का बोझ बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। लेकिन आप कार्यक्षेत्र और घर को अच्छी तरह तालमेल बनाकर रखेंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। संतान को लेकर उलझने दूर होगी। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

धनु राशि- आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपको अपनी नौकरी में उत्तम परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे, लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे। आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी। आपकी बचत योजनाएं कामयाब रहेंगी। आपको निवेश करने का सुनहरा मौका मिलेगा।

मकर राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने के अनेक मौके मिलेंगे। रिश्तेदारों के साथ छोटी मोटी यात्रा हो सकती हैं, आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तों में आपसी प्रेम बढ़ेगा। किसी पुराने विवाद को लेकर न्यायालय का फैसला आपके पक्ष में हो सकता है।

कुंभ राशि- आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे, इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा। आपको किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। आपके पारिवारिक जीवन में सुख शांति रहेगी। आप अपने जीवनसाथी के साथ घर की जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल रहेंगे। व्यापार में उन्नति की संभावना है।

मीन राशि- आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां देखने को मिलेंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

# राहुल की विचारधारा बदली, लाइन भी अलग

//हरिशंकर व्यास//

**राहुल गांधी 35 साल की उम्र में 2004 में सांसद बने थे। तब से यानी पिछले 20 साल से अपनी टीम बनाने की कोशिश में हैं। एक बार उन्होंने 2009 में राजकुमारों की टीम बनाई थी, सबको मंत्री बनाया था लेकिन उनमे से ज्यादातर लोग कांग्रेस छोड़ कर चले गए। परंतु उनकी इस राजनीति का नतीजा यह हुआ है कि सोनिया गांधी की टीम बनाम राहुल गांधी की टीम यानी पुराने और नए नेताओं का झगड़ा स्थायी बना।**

अब जबकि कांग्रेस के ज्यादातर पुराने नेताओं का या तो निधन हो गया है या वे रिटायर है या हाशिए में चले गए है तो राहुल गांधी फिर नई टीम बना रहे हैं। इस बार उनकी विचारधारा भी बदली हुई है, राजनीतिक लाइन भी अलग है और चेहरे भी अलग हैं।

उनकी राजनीति को समझाने के लिए बिहार कांग्रेस के एक बहुत पुराने नेता, जो डॉक्टर जगन्नाथ मिश्र के बहुत करीबी रहे नेता ने कहा है कि वामपंथी राजनीति देश में लगभग खत्म हो गई है, केरल के अलावा अगर वह कहीं बची है तो राहुल गांधी की टीम में बची है।

पता नहीं यह बात पूरी तरह से सही है या नहीं लेकिन इतना दिख रहा है कि वामपंथी विचारधारा से जुड़े या एनजीओ के अंदाजा में काम करने वाले युवा राहुल गांध की कोर टीम में जुड़े हैं।

खुद राहुल गांधी जाति गणना कराने, आरक्षण की सीमा 50 हजार से ज्यादा करने, आबादी के अनुपात में राजनीतिक व प्रशासनिक पद देने आदि के विचार में काम कर रहे हैं।

अपनी इसी समझ में वे टीम चुन रहे हैं। नेताओं की योग्यता, उनकी क्षमता, राजनीतिक अनुभव, जनता के साथ संपर्क आदि को दरकिनार करके वे उन लोगों को संगठन में आगे बढ़ा रहे हैं, जिन लोगों का विचार है कि आरक्षण की सीमा 75 फीसदी होनी चाहिए।

पार्टियों के संगठन के पद जाति व धर्म के आधार पर भरे जाने चाहिए। प्रशासनिक सेवाओं से लेकर मिस इंडिया कॉन्टेस्ट में ओबीसी, दलित, आदिवासी को आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। इसी सोच में उन्होंने 11 केंद्रीय पदाधिकारियों की नियुक्ति कराई है। इनमें आठ नेता ओबीसी, दलित, आदिवासी और मुस्लिम समुदाय के हैं। हालांकि ऐसा नहीं है कि ये सभी नेता स्वाभाविक प्रक्रिया से निकल कर ऊपर तक पहुंचे हैं और किसी पूर्वाग्रह की वजह से पहले उनको जिम्मेदारी नहीं मिल रही थी।दो प्रदेशों में पिछड़ा और दलित अध्यक्ष बनाने के बाद 11 केंद्रीय पदाधिकारियों की नियुक्ति को देख कर लग रहा है कि कैसे रैंडम तरीके से नेता चुने जा सकते हैं और उन्हें जिम्मेदारी दी जा सकती है।नई नियुक्तियों में कोई तारतम्य नहीं दिख रहा है। तेलुगू भाषी व्यक्ति को झारखंड और कन्नड़ भाषी व्यक्ति को बिहार का प्रभारी बनाने के पीछे क्या सोच हो सकती है, यह कोई नहीं बता सकता है।

अब तक परदे के पीछे से काम कर रहे लोगों को घनघोर राजनीति करने वाले राज्यों में प्रभारी बना कर भेजने के पीछे भी क्या सोच है, यह कोई नहीं बता पाएगा। बरसों से इस बात की चर्चा है कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को कांग्रेस की परंपरा से निकले नेताओं को आगे लाना चाहिए। जैसे भाजपा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रशिक्षण से निकले नेता भाजपा संगठन में रोल निभा रहे हैं। वे कितने योग्य और सक्षम हैं यह अलग बात है लेकिन कम से कम एक पृष्ठभूमि है। लेकिन कांग्रेस में एनएसयूआई की पाठशाला से निकला शायद ही कोई नेता संगठन में अहम पदों पर होगा। राहुल गांधी ने तो एनएसयूआई यानी कांग्रेस की राजनीति की नर्सरी का ही प्रिंसिपल सीपीआई से आए कन्हैया कुमार को बना दिया है। कन्हैया एनएसयूआई के प्रभारी हैं।भाजपा में तो समझ में आ रहा है कि 50 से 55 साल के नेताओं और पहली, दूसरी बार के विधायकों, सांसदों को अहम जिम्मेदारी इसलिए दी जा रही है ताकि वे चुनौती नहीं बन सकें।

कांग्रेस में तो ऐसा कोई खतरा नहीं है। नेहरू, गांधी परिवार के लिए कोई चुनौती नहीं बन सकता है। वहां आरएसएस जैसी किसी संस्था की पसंद, नापसंद का ख्याल भी नहीं रखना है।फिर क्यों मजबूत नेताओं की जगह परदे के पीछे काम करने वालों को निजी निष्ठा के आधार पर नियुक्त किया जा रहा है। समस्या यह भी है कि राहुल गांधी, जिसको चुन देते हैं या कहीं बैठा देते हैं तो वह सुप्रीम हो जाता है। वह किसी को कुछ नहीं समझता है। दिल्ली में प्रभारी के अलावा किसी की बात नहीं सुनी जाती है। जैसे महाराष्ट्र में नाना पटोले अध्यक्ष बने तो बाकी सारे नेता हाशिए में डाल दिए गए। पटोले खुद ही सीएम दावेदार हो गए।ऐसे ही मध्य प्रदेश में पहले कमलनाथ थे और अब जीतू पटवारी हैं। छत्तीसगढ़ में जो हैं सो भूपेश बघेल हैं और हरियाणा में सब कुछ भूपेंद्र सिंह हुड्डा के हवाले था। तेलंगाना के सारे फैसले मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के हवाले छोड़े गए हैं तो हिमाचल प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू को ऐसी ताकत दी गई कि वीरभद्र सिंह का परिवार नाराज हुआ। प्रदेश अध्यक्ष या मुख्यमंत्री या प्रभारी इनके अलावा प्रदेश की राजनीति में किसी की नहीं चलती है।कोई स्वतंत्र फीडबैक नहीं ली जाती है। अभी तक यह सिस्टम चल रहा है कि अगर प्रदेश का कोई नेता इन तीन के खिलाफ शिकायत करे तो घूम फिर कर वह शिकायत इन्हीं के पास पहुंच जाती है। राहुल अपनी कोर टीम के सदस्यों को फील्ड की राजनीति के लिए भेज रहे हैं और उनके अलावा मल्लिकार्जुन खडगे या प्रियंका गांधी वाड्रा के प्रति निजी निष्ठा वालों को महत्वपूर्ण पद दिए जा रहे हैं।इससे दूसरी लाइन खड़ी नहीं होगी। स्वाभाविक राजनीति से जो नेता निकले हैं उनकी बड़ी तादाद अब भी है। कांग्रेस उन्हीं के दम पर भाजपा को चुनौती दे सकती है। लगभग हर राज्य में कांग्रेस के पास ऐसे नेता हैं।

# वैश्विक राजनीति में तरक्की पसंदगी का दौर खत्म

//श्रुति व्यास//

**दुनिया रूढिवाद के सैलाब में डूब-उतरा रही है। मध्यमार्गी बेचारे' हो चले हैं। वे मध्य-दक्षिणपंथियों और लोकलुभावनवादी दक्षिणपंथियों से पिट रहे हैं। जर्मनी इस सैलाब का सबसे नया शिकार है। वहां की मध्य-दक्षिणपंथी क्रिस्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन पार्टी (सीडीयू) के नेता फ्रीड्रेक मर्ज़ का देश का अगला चांसलर बनना तय है। हालांकि मतदाताओं का दक्षिणपंथियों की ओर झुकाव अनुमानों से कम है, फिर भी यह जबरदस्त है। रूढिवादियों ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद संकल्प लिया था कि उनसे अधिक दक्षिणपंथी कोई भी दल चुनावों में कामयाबी हासिल नहीं कर सकेगा।**

अब यह साफ है कि वे अपने संकल्प को पूरा करने में नाकामयाब रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर रूढिवादी सीडीयू/सीएसयू ने अधिकतर सीटों पर जीत हासिल की है। और अति-दक्षिणपंथी एएफडी दूसरे स्थान पर रही है। लेकिन जर्मनी के ये नतीजे न तो आश्चर्यजनक है और ना ही धक्का पहुंचाने वाले हैं।

सारी दुनिया में निराशा, मोहभंग और सार्वभौम मूल्यों के प्रति बगावत का माहौल है। इससे उग्र-दक्षिणपंथी और व्यवस्था-विरोधी दलों की ताकत में इजाफा हुआ है। स्थापित राजनीति को लेकर निराशा और मायूसी है, विशेषकर युवाओं में। अध्ययनों और रायशुमारियों में दावा किया गया है कि युवा आजादी (अर्थात उदारवाद) की बजाए अंकुशों (यानि रूढिवादिता) के अधिक पक्षधर हैं। अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्था ग्लोकेलाईटिस द्वारा 2024 में किए गए अध्ययन से पता लगता है कि 2014 से 2023 के बीच, कुल मिलाकर दुनिया अधिक उदारवादी बनी। हालांकि वह इसके साथ-साथ अधिक निराशावादी भी हो गई थी। इसका नतीजा यह हुआ कि सभी महाद्वीपों में उग्र-दक्षिणपंथी मतदाताओं की छवि बदल रही है, और अति दक्षिणपंथ के प्रति समर्थन युवावर्ग में सबसे तेजी से बढ़ रहा है।

इसकी वजह तो साफ़ है, हालांकि इसे समझना आसान नहीं है। उनकी सोच में ढेर सारी कमियां है, पाखंड है क्योंकि उनकी कोई विचारधारा ही नहीं है। युवा पंथनिरपेक्ष नजर आना चाहते हैं, और यह नहीं चाहते कि उन पर जेनोफोबिक (विदेशियों से नफरत करना वाला) होने का ठप्पा लगा दिया जाए। लेकिन वे प्रवासियों के खिलाफ हैं, और भारत के मामले में मुसलमानों और उनकी संस्कृति के। वे महसूस करते हैं कि पुराने राजनैतिक दल मुसलमानों के अधिक पक्षधर रहे हैं। जिन नौकरियों और घरों पर उनका हक था, वे अल्पसंख्यकों को दे दी गईं और उन्हें तकलीफ झेलने के लिए छोड़ दिया गया। वे महसूस करते हैं कि उनकी ओर से मुंह फेर लिया गया है, उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है। इसलिए उन्हें उनकी भावनाओं के अनुकूल बातों और प्रोपेगेंडा से राहत महसूस होती है। उन्हें लगता है कि वे सही सोच रहे हैं। उनकी नजरों में दक्षिणपंथी ही ठीक बात कर रहे हैं। दक्षिणपंथ की ओर आए इस झुकाव ने लोकतंत्र के प्रति आस्था को और धक्का पहुंचाया है। केब्रिज के शोधकर्ताओं द्वारा 2020 में 160 देशों के लोगों के रवैयों का अध्ययन किया गया। अध्ययन में यह पाया गया कि युवा पीढ़ी का लोकतंत्र से अधिकाधिक मोहभंग होता जा रहा है। और पीयू रिसर्च सेंटर के मुताबिक 12 उच्च आय वाले देशों के करीब दो-तिहाई नागरिक लोकतंत्र से असंतुष्ट थे। यह अनुपात 2017 में आधे से भी कम था।

तेजी से बदलते समय ने पुरानी यादों को धुंधला कर दिया है। 1930 के दशक के फासीवाद, जिसके चलते व्यापक नरसंहार वाला विनाशकारी युद्ध हुआ था, को दुनिया भूल चली है। तानाशाही और अति-दक्षिणपंथी अतिवाद अब पहले जितना कलंकित नहीं रहा। 1970 के दशक में ट्रंप, मिलोनी, और मोदी जैसे नेताओं को हिटलर और मुसोलनी का अवतार समझा जाता। लोग उनसे डरते, उनसे नफरत करते। लेकिन अब अधिनायकवादी लोगों की तानाशाही का भय नहीं है, बल्कि अब अल्पसंख्यकों, मुसलमानों को अधिकार और शक्ति दिए जाने के प्रति डर है। देश की सीमाओं के बाहर से आने वालों के प्रति भय है। समय बदलता रहता है। एक समय स्टेटसमैनों' का था। जब विविधता, समानता, समावेशिता, पूंजीवाद और आजादी के मूल्यों का बोलबाला था। यह वह दौर भी था जिसमें रूढ़िवादी विचारों को खारिज किया जाता था। बहुसंख्यक वर्ग महसूस करता था कि उसे दूसरों से अधिक हक़ नहीं होने चाहिए। आज राजनैतिक माहौल बदल रहा है। दक्षिणपंथ की ओर झुकाव में जनता खुद को महफ़ूज़ महसूस करती है। क्या दक्षिणपंथ की ओर इस झुकाव को इस बात का संकेत माना जा सकता है कि वैश्विक राजनीति में तरक्कीपसंदगी का दौर खत्म हो गया है। अभी तो ऐसा ही लग रहा है।

# भारत के कृषि-निर्यात में अभूतपूर्व वृद्धिः प्रथम बार हुए कई महत्वपूर्ण निर्यातों ने इतिहास रचा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत के कृषि निर्यात में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है जिसमें कई उत्पादों ने पहली बार अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अपनी पहुंच बनाई है। यह ऐतिहासिक विस्तार न सिर्फ व्यापार के संदर्भ में है अपितु यह किसानों को सशक्त बनाने, ग्रामीण आय को बढ़ावा देने और भारत की समृद्ध कृषि विरासत को वैश्विक पटल पर लाने से भी जुड़ा है। विशिष्ट फलों से लेकर पारंपरिक भोज्य पदार्थों तक, निर्यात की यह पहली खेपें इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि मोदी सरकार का आत्मनिर्भर भारत का विजन भारतीय किसानों के लिए किस तरह से नए अवसरों का सृजन कर रहा है।भारत के कृषि निर्यात में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में भारत ने समुद्री मार्ग से क्रमशः प्रीमियम सांगोला और भगवा अनार की पहली खेप को सफलतापूर्वक ऑस्ट्रेलिया भेजा। यह सफलता न सिर्फ ऑस्ट्रेलिया में भारत के ताज़े फलों की बाज़ार पहुंच को बढ़ाती है, बल्कि इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अधिक भारतीय उत्पादों के प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त होता है।भारत के अनोखे जीआई-टैग युक्त पुरंदर अंजीर अब यूरोप में धूम मचा रहे हैं। वर्ष 2024 में, मोदी सरकार ने पुरंदर अंजीर से बने भारत के पहले रेडी-टू-ड्रिंक अंजीर जूस को पोलैंड को निर्यात करने की सुविधा दी। इससे पहले इसे वर्ष 2022 में जर्मनी को भी निर्यात किया गया था। पुरंदर अंजीर अपने विशिष्ट स्वाद और रंग-रूप के लिए जाने जाते हैं। यह निर्यात वैश्विक मंच पर भारत के अनूठे कृषि-उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।भारत द्वारा अपने फलों के निर्यात में विविधता लाने के प्रयास के अंतर्गत, स्थानीय रूप से कमलम के नाम से जाने जाने वाले फाइबर और खनिज युक्त ड्रैगन फ्रूट को वर्ष 2021 में लंदन और बहरीन निर्यात किया गया। लंदन को निर्यात की गई खेप गुजरात के कच्छ क्षेत्र के किसानों से प्राप्त की गई थी, जबकि बहरीन को भेजी गई खेप पश्चिमी मिदनापुर (पश्चिम बंगाल) के किसानों से प्राप्त की गई थी। वर्ष 2023 में भारत ने अमेरिका को हवाई मार्ग से ताजे अनार की अपनी पहली ट्रायल शिपमेंट निर्यात करके अमेरिकी बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। महाराष्ट्र के भगवा अनार में निर्यात की पर्याप्त संभावनाएं हैं और देश से फलों के निर्यात का लगभग 50 प्रतिशत राज्य के सोलापुर जिले से होता है। पूर्वोत्तर के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में वर्ष 2021 में, असम के लेटेकु के रूप में जाने जाने वाले बर्मी अंगूर की पहली खेप को दिल्ली के माध्यम से गुवाहाटी से दुबई भेजा गया। इस निर्यात ने असम के विदेशी उत्पादों को वैश्विक मानचित्र पर स्थान दिला दिया है जिससे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की क्षमता भी सिद्ध हुई है।वर्ष 2021 में जर्मनी को त्रिपुरा से भारत के ताजे कटहल का स्वाद मिला। पहली बार हवाई मार्ग से त्रिपुरा से जर्मनी तक ताजे कटहल की एक खेप निर्यात की गई। अगरतला से एक मीट्रिक टन ताजे कटहल की पहली खेप को हरी झंडी दिखाई गई। यह उपलब्धि मोदी सरकार द्वारा पूर्वोत्तर राज्यों को भारत के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात मानचित्र पर लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को दर्शाती है।पहली बार वर्ष 2021 में पूर्वोत्तर क्षेत्र से जीआई उत्पादों के निर्यात को एक महत्वपूर्ण आकार देते हुए, नागालैंड से किंग मिर्च के नाम से विख्यात 'राजा मिर्च' की एक खेप को पहली बार हवाई मार्ग से गुवाहाटी के रास्ते लंदन निर्यात किया गया। इसकी जल्दी खराब होने वाली प्रकृति को देखते हुए, इस उत्पाद का निर्यात करना एक चुनौती थी लेकिन भारत ने सफलतापूर्वक इसके हवाई शिपमेंट की सुविधा प्रदान की, जिसने विशेष कृषि-निर्यात को संभालने में भारत की क्षमताओं को उजागर किया।वर्ष 2021 में, भारत की चावल निर्यात क्षमता को महत्वपूर्ण प्रोत्साहन देते हुए, 'लाल चावल' की पहली खेप को अमरीका के लिए निर्यात किया गया। असम की ब्रह्मपुत्र घाटी में बिना किसी रासायनिक खाद के आयरन से भरपूर 'लाल चावल' उगाया जाता है। चावल की इस किस्म को 'बाओ-धान' कहा जाता है और यह असमिया भोजन का एक अभिन्न अंग है।

## तस्वीरों की दुनिया



आरजेडी सांसद तेजस्वी यादव ने पटना स्थित आरजेडी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।



मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई में भूमि पूजन किया और परिवहन भवन का उद्घाटन किया।




तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना के वानापर्थी में उस घर का दौरा किया जहां वे अपने स्कूल के दिनों के दौरान रहे थे।



डीएमके सांसद कनिमोझी ने तूतूकुडी में भारी बारिश के दौरान बाढ़ को रोकने के लिए कोरामबल्लम में उप्पात्रु धारा पर बाढ़ अवरोधक दीवार के निर्माण का निरीक्षण किया।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा नई दिल्ली में पार्टी के पूर्वांचल मोर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के श्री सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की।



प्रयागराज में दिव्यांग लोगों के लिए आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के दौरान नवविवाहित दिव्यांग जोड़े फोटो खिंचवाते हुए।

# सेप्सिस ले रहा शिशुओं की जान एंटीबायोटिक दवाएं भी बेअसर

## एम्स की स्टडी में चौंकाने वाला खुलासे



**नईदिल्ली, 03 मार्च [एजेंसी]।**

देश के जिला अस्पतालों में बहु दवा प्रतिरोधी (एमडीआर) जीवाणुओं का संक्रमण शिशुओं में सेप्सिस का बड़ा कारण बन रहा है। एम्स द्वारा किए गए अध्ययन में यह बात सामने आई है कि जिला अस्तपालों के एसएनसीयू (स्पेशल नियोनेटल न्यू बार्ड केयर यूनिट) में भर्ती 3.2 प्रतिशत शिशु सेप्सिस संक्रमण से पीड़ित होते हैं। 36.6 प्रतिशत शिशुओं की मौत हो जाती है। सेप्सिस होने का बड़ा कारण (एमडीआर) जीवाणुओं का संक्रमण है, जिसके इलाज में एंटीबायोटिक दवाएं भी बेअसर पाई गईं। सेप्सिस एक जानलेवा स्थिति है।

यह अध्ययन अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल द लांसेट ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन में शामिल डॉक्टरों ने जिला अस्पतालों में दवा प्रतिरोधी संक्रमण की रोकथाम के उपाय करने और एंटीबायोटिक दवाओं का सही इस्तेमाल को बढ़ावा दिए जाने की सिफारिश की है। एम्स के पीडियाट्रिक विभाग के नियोनेटोलॉजी के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. जीवा शंकर ने बताया कि बड़े अस्पतालों में शिशुओं में सेप्सिस संक्रमण को लेकर पहले अध्ययन हुए हैं लेकिन जिला अस्पतालों में इस तरह का अध्ययन नहीं हुआ था।जिला अस्पतालों में शिशुओं में सेप्सिस संक्रमण की दर पता लाने के लिए यह अध्ययन किया गया। इसलिए देश के अलग-अलग हिस्सों के पांच जिला अस्पतालों में भर्ती 6,612 नवजात शिशुओं के ब्लड सैंपल लेकर बड़े अस्पतालों में ब्लड कल्चर जांच कराई गई। इनमें तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश व असम के अस्पताल शामिल थे। शिशुओं का औसत वजन ढाई किलोग्राम था। 50 प्रतिशत बच्चों में सेप्सिस के लक्षण पाए गए। लेकिन कल्चर जांच में 3.2 प्रतिशत शिशुओं में यह संक्रमण पाया गया।

इससे पीड़ित शिशुओं में मृत्यु दर 36.6 प्रतिशत रही। सेप्सिस के संक्रमण का कारण मुख्य रूप से तीन जीवाणु पाए गए। 22.9 प्रतिशत शिशु क्लेबसिएला निमोनिया, 14.8 शिशु ई.कोलाई और 11.7 प्रतिशत शिशुओं को एंटोरोबैक्टर का संक्रमण था। 75 से 88 प्रतिशत एमडीआर जीवाणु से संक्रमित थे। कल्चर जांच में तीन तरह की एंटीबायोटिक दवाओं सेफालोस्पोरिन, कार्बापेनम और अमिनोग्लाइकोसाइड्स के प्रति प्रतिरोधकता पाई गई।ये दवाएं इलाज में बेअसर पाई गईं। अध्ययन में कहा गया है कि सेप्सिस के संक्रमण से हर वर्ष दुनिया भर में पांच लाख 50 हजार शिशुओं की मौत हो जाती है। इसमें से एक चौथाई मौतें भारत में होती हैं। देश भर के जिला अस्पतालों में मौजूद 979 एसएनसीयू में हर वर्ष दस लाख से अधिक शिशु भर्ती होते हैं। एसएनसीयू में भर्ती होने वाले करीब 40 प्रतिशत शिशुओं को एंटीबायोटिक दवाएं दी जाती है। एसएनसीयू की सुविधा से संपन्न ज्यादातर जिला अस्पतालों में ब्लड कल्चर जांच की सुविधा नहीं होती। इस वजह से बिना ब्लड कल्चर जांच के ही सेप्सिस के संदेह व लक्षण के आधार पर एंटीबायोटिक दवाएं शुरू कर दी जाती है।

### दिल्ली में महिलाओं के लिए खुशखबरी

# 2500 रुपये की सहायता राशि के लिए इस दिन से शुरू होगा रजिस्ट्रेशन




**नईदिल्ली, 03 मार्च [एजेंसी]।**

दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देने की योजना को लेकर सांसद मनोज तिवारी ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खातों में पैसे जमा करने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 8 मार्च से शुरू होगी।मनोज तिवारी ने रविवार को कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह देने की दिल्ली सरकार की योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 8 मार्च से शुरू होगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए यह कदम उठाया गया है और इस योजना से लाखों गरीब महिलाओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि एक महीने के भीतर इस योजना के तहत चयनित महिलाओं के खातों में पैसे पहुंचने शुरू हो जाएंगे।भाजपा सांसद ने कहा कि विधानसभा के विस्तारित सत्र से आम जनता को लाभ मिलेगा। हम चाहते हैं कि विपक्ष इसमें सहयोग करे, ताकि इस योजना का सही ढंग से क्रियान्वयन हो सके। उन्होंने कहा कि कैग की रिपोर्ट भी चरणबद्ध तरीके से जनता के सामने पेश की जाएगी, ताकि हर पहलू को पूरी पारदर्शिता के साथ समझाया जा सके।उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने गरीब महिलाओं को 2500 रुपये मासिक सहायता देने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत भाजपा के सभी नेताओं ने सरकार बनने के बाद इस वादे को पूरा करने का आश्वासन दिया है। हालांकि, नवगठित सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में इसे मंजूरी न मिलने पर विपक्ष सरकार पर हमलावर है।

# अंधविश्वास में 11 माह की बच्ची की कुत्ते से कराई शादी, बरातियों को भोज भी खिलाया, जानकारी मिलने पर दंग हुए लोग



**चाईबासा, 03 मार्च [एजेंसी]।**

झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के चिमीसाई गांव में एक 11 माह की बच्ची की कुत्ते से शादी कराने की दिलचस्प खबर सामने आई है। यह शादी वैसे ही हुई जैसे एक आम शादी होती है। इसमें दूल्हा, दुल्हन, बैंड बाजा और बरात सब कुछ था। शादी के बाद बरातियों ने भोज का आनंद भी उठाया। दरअसल, हो जन जाति (आदिवासी) में दांत के ऊपर दांत (कुकुर दांत) को अशुभ माना जाता है। इस अंधविश्वास में जिस बच्ची को कुकुर दांत होता है, अशुभ को टालने के लिए उसकी शादी कुत्ते से करने की परंपरा है। यह शादी मागे परब (त्योहार) के दौरान की जाती है। हो जनजातियों का मागे परब चल रहा है। इसी दौरान शुक्रवार को बच्ची की शादी कुत्ते से कराई गई।हालांकि यह शादी सिर्फ एक रस्म भर होती है। चिमीसाई गांव में शादी के दौरान कुत्ते के एक पैर के नाखून पर सिंदूर लगाकर बच्ची की मांग को भरा जाता है। इसके बाद कुत्ते को खुला छोड़ दिया जाता है। शादी के दौरान लोगों को जश्न मनाते हुए भी देखा गया। महिलाएं नाच रही थीं, ढोल-नगाड़े बज रहे थे। मांदर की थाप पर युवा थिरक रहे थे।शादी के दौरान कुत्ते को धोती पहनाया गया था। इसी तरह से बच्ची को पीले रंग की साड़ी पहनायी गई थी। इसके बाद दोनों को गोद में लेकर विधि-विधान के साथ पूजा हुई।इस शादी के पहले एक चूजे की बलि दी गई। इसके बाद शादी की रस्म शुरू हुई। झाड़ फूंक के नाम पर आदिवासी महिला की पिटाईउधर, गम्हरिया प्रखंड के जयकान पंचायत अंतर्गत नूनाडीह टोला डुंगरीडीह के बिशु मुर्मू नामक व्यक्ति द्वारा झाड़ फूंक के नाम पर एक आदिवासी महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।इस बावत पीड़िता द्वारा उक्त व्यक्ति के खिलाफ गम्हरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस बावत बताया गया है कि बीते 24 फरवरी को महिला कुछ दिनों से बीमार थी। कुछ लोगों द्वारा बताया गया कि बिशू मुर्मू बीमारी का इलाज करता है। महिला के परिजनों द्वारा जब उसे विशु के पास ले जाया गया तो उसने झाड़- फूंक के नाम पर महिला को बाल खोलकर घर में बनाए गए पूजा स्थल पर माथा टेकने को कहा।बताया गया है कि जैसे ही महिला माथा टेकने के लिए झुकी, विशु मुर्मू महिला का बाल पकड़कर उसपर लात, घूंसे और लाठी से प्रहार करने लगा।इतना ही नहीं मानवता को शर्मसार करते हुए मुर्मू ने उक्त महिला के गुप्तांगों पर भी हमला किया जिसे वह महिला बुरी तरह घायल हो गई और बेहोश हो गई।परिजनों द्वारा घायल महिला को चार दिनों तक स्थास्त्रीय निजी अस्पताल में इलाज कराया गया।

## लोगों को सरकार से भीख मांगने की आदत, मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान पर बवाल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार में पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान को लेकर प्रदेश में राजनीति गरमा गई है। शनिवार को पटेल ने गुना के सुठालिया में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर उन्होंने विवादित बयान दे दिया।उन्होंने कहा कि अब तो लोगों को सरकार से भीख मांगने की आदत पड़ गई है। नेता मंच पर आते हैं तो लोग माला पहनाएंगे और पत्र पकड़ा देंगे, जिसमें कोई न कोई मांग होगी। यह आदत अच्छी नहीं। दरअसल, पटेल ने यह बात लोगों को यह समझाते कही कि हमेशा मांगने की प्रवृत्ति मत बनाइए। यदि स्वयं को मांगने के बजाय देने वाला बनाएंगे तो न सिर्फ सुखी होंगे, बल्कि समाज को भी संस्कारवान बनाएंगे। उधर, मध्य प्रदेश कांग्रेस ने रविवार को तीखी प्रतिक्रिया में भाजपा और प्रदेश सरकार से सवाल किया कि क्या मंत्री के इस बयान पर सहमति है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि पटेल का बयान साबित करता है कि चुनाव के समय जनता को सिर-माथे बैठाने वाले भाजपा नेताओं को सत्ता का ऐसा अहंकार हुआ कि वे उन्हें भिखारी करार देने लगे।

## कर्नाटक में बदल जाएगा मुख्यमंत्री, डीके शिवकुमार को सीएम बनाने की अटकलें तेज, समर्थन में उतरे विधायक



**उडुप्पी 03 मार्च।** कर्नाटक में सत्तारुढ़ कांग्रेस में अंदरुनी विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। साल के अंत में होने वाले नेतृत्व परिवर्तन को लेकर लगातार अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं ने डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने के समर्थन किया है। विधायक बसवराजू वी शिवगंगा ने रविवार को दावा किया कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार दिसंबर तक राज्य के मुख्यमंत्री बन जाएंगे। शिवगंगा ने जोर देकर कहा कि शिवकुमार इस साल दिसंबर से अगले 7.5 साल तक राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में काम करेंगे, क्योंकि पार्टी यहां अगला विधानसभा चुनाव भी जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि आप लोग इसे लिख लीजिए, यह दिसंबर तक हो जाएगा। अगर आप चाहें तो मैं आपको खून से भी लिखकर दे सकता हूं कि शिवकुमार दिसंबर तक मुख्यमंत्री बन जाएंगे। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वीरप्पा मोइली ने कहा कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को राज्य का मुख्यमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता, क्योंकि यह एक सुलझा हुआ मामला है। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि शिवकुमार का सीएम पद संभालना केवल समय की बात है, क्योंकि ऐसा होना तय है।

# अब सबको मिलेंगी सस्ती दवाइयां, 25 हजार नए जन औषधि केंद्र खोलेगी सरकार




**नईदिल्ली, 03 मार्च [एजेंसी]।**

देश भर में अब तक 15,000 से अधिक जन औषधि केंद्र खोले जा चुके हैं और सरकार ने 31 मार्च 2027 तक 25,000 जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है। यह रविवार को घोषणा की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर साल सात मार्च को जन औषधि दिवस के रूप में मनाया जाता है। पिछले वर्षों की तरह, 1 से 7 मार्च तक देश भर में विभिन्न स्थानों पर सप्ताह भर के कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अनुसार, 7वें जन औषधि सप्ताह के दूसरे दिन जन औषधि - विरासत के साथ की शुरुआत देश भर के 25 विभिन्न स्मारकों के विरासत स्थलों के प्रातः भ्रमण के साथ हुई। वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और देश की परंपराओं और संस्कृतियों को बनाए रखने के लिए देश भर में 500 विभिन्न स्थानों पर जन औषधि केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए।

इन स्वास्थ्य शिविरों में बीपी, शुगर, मुफ्त परामर्श आदि सहित विभिन्न प्रकार की चिकित्सा जांच की गई ताकि स्वास्थ्य के महत्व और प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके। रविवार को नई दिल्ली के हौज खास समेत देशभर में 25 हेरिटेज वाक का आयोजन किया गया।किफायती दामों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराने वाले जन औषधि केंद्रों की बिक्री में पिछले 10 वर्षों में 200 गुना वृद्धि देखी गई है, जिससे नागरिकों को 30,000 करोड़ रुपये की बचत हुई है। पिछले एक दशक में जन औषधि केंद्रों की संख्या में 180 गुना वृद्धि हुई है।

## ट्रंप की धमकी के बीच किंग चार्ल्स से मिलेंगे जस्टिन ट्रूडो, बोले- कनाडा की संप्रभुता मेरी प्राथमिकता

**लंदन।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि किंग चार्ल्स के साथ सोमवार को होने वाली बातचीत में उनकी प्राथमिकता अपने देश की संप्रभुता की रक्षा करना होगी। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने का सुझाव दिया है।ट्रूडो ने कहा कि कनाडा के राष्ट्राध्यक्ष के लिए चार्ल्स के साथ बैठक से पहले उनके नागरिकों के लिए हमारी संप्रभुता और हमारी स्वतंत्रता के लिए खड़े होने से अधिक महत्वपूर्ण कुछ नहीं है। पिछले सप्ताह चार्ल्स ने ट्रंप को ब्रिटेन की दूसरी ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया था, जिसमें प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने ओवल ऑफिस में विश्व मीडिया के समक्ष एक बैठक के दौरान ट्रंप को निमंत्रण सौंपा था

# भाजपा में विलय करेगी शिवसेना, संजय राउत के दावे से मची खलबली, बोले- शिंदे कर रहे फडणवीस की शिकायत



**मुंबई, 03 मार्च [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में दोनों शिवसेनाओं के बीच चल रही तकरार के बीच शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता संजय राउत ने कहा है कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की भाजपा के प्रमुख रणनीतिकार एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से गुप्त मुलाकात हुई है। इस मुलाकात में शिंदे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शिकायत की है। हालांकि राउत के अनुसार बैठक में कोई नतीजा नहीं निकला, उलटे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद के लिए उनके बार-बार दावे के लिए फटकार लगाई गई। शाह ने शिंदे से कहा था कि यदि वह मुख्यमंत्री पद का दावा करना चाहते हैं तो शिवसेना का विलय भाजपा में कर लें।

संजय राउत ने ये दावा शिवसेना के मुखपत्र सामना में प्रकाशित अपने साप्ताहिक स्तंभ 'रोकटोक' में किया है। राउत स्वयं इस समाचार पत्र के कार्यकारी संपादक हैं। सामना में उनका यह लेख प्रकाशित होने के बाद शिवसेना के ठाणे से सांसद और मुख्य प्रवक्ता नरेश म्हास्के ने कहा कि राउत मीडिया में बने रहना चाहते हैं, इसलिए इस तरह के दावे कर रहे हैं। रविवार सुबह पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने अपने स्तंभ में किए गए दावे को दोहराते हुए कहा कि यह बैठक 22 फरवरी को सुबह करीब चार बजे पुणे के कोरेगांव पार्क इलाके में वेस्ट इन होटल में हुई।राउत ने कहा कि 57 विधायकों के नेता को शाह से मिलने के लिए सुबह चार बजे तक जागना पड़ा। शिंदे ने कथित तौर पर अमित शाह से कहा कि सरकार में मेरी कोई प्रतिष्ठा नहीं है, मैं कल तक मुख्यमंत्री था। अब मेरे सभी फैसले पलटे जा रहे हैं।

## छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म, आरोपितों ने घटना का वीडियो बनाकर किया वायरल

***कोलकाता।** राज्य के उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम में 15 वर्षीय एक माध्यमिक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं आरोपितों ने सामूहिक दुष्कर्म का वीडियो बनाकर इसे प्रसारित भी कर दिया। पुलिस ने इस घटना में एक युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक मध्यमग्राम नगरपालिका के पांच नंबर वार्ड अंतर्गत शारदापल्ली के माठपाड़ा इलाके में कुछ दिनों पहले स्थानीय दो युवक माध्यमिक की एक छात्रा को किराए के मकान में ले गए। जहां दोनों ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। एक युवक ने घटना का वीडियो भी बना लिया। आरोपी हुआ फरार, हाथ मलती रह गई पुलिसघटना का खुलासा होने पर छात्रा को आरोपितों ने धमकी दी। घटना का वीडियो प्रसारित करने की धमकी दी गई।*

# वोटर लिस्ट से जुड़ेंगे मोबाइल नंबर और ई-मेल, नाम कटने पर तुरंत आएगा मैसेज

**नईदिल्ली, 03 मार्च [एजेंसी]।**

लोकसभा चुनाव हों या विधानसभा के। राजनीतिक दलों की ओर से मतदाता सूची से नाम काटने एवं जोड़ने को लेकर हाल में जिस तरह से आरोपों की बाढ़ आई है उससे निपटने के लिए चुनाव आयोग मुस्तैदी से जुट गया है। जो अहम कदम उठाने के संकेत मिले हैं, उनमें मतदाता सूची को अनिवार्य रूप से मोबाइल और ईमेल से जोड़ने की तैयारी है। ताकि मतदाता सूची से नाम कटने या जुड़ने पर मतदाताओं को तुरंत ही इसकी जानकारी मुहैया कराई जा सके।देश भर में इसे लेकर व्यापक अभियान चलाने की तैयारी है। मतदाता सूची में अभी किसी का नाम कटने पर उसे नोटिस भेजकर जानकारी देने की व्यवस्था है, लेकिन अधिकतर मामलों में उस पते पर व्यक्ति के न मिलने से वह नोटिस पहुंचता ही नहीं है। या बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) इस पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर चुप बैठ जाता है।


आयोग से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो मोबाइल और ईमेल के अपडेट होने से मतदाता सूची से नाम कटने से जुड़ी जानकारी न मिलने जैसी सारी समस्या खत्म हो जाएगी। आयोग की ओर से नाम सूची से हटाने या जोड़ने के साथ ही मोबाइल पर तुरंत संदेश पहुंच जाएगा। खास बात यह है कि इनमें जिस वजह से नाम मतदाता सूची से हटाया गया उसकी भी जानकारी मिल जाएगी। ऐसे में यदि मतदाता इससे संतुष्ट नहीं है तो वह तुरंत उच्च स्तर पर उसे चुनौती भी दे




सकेगा। आयोग इस मुद्दे पर चार व पांच मार्च को नई दिल्ली में होने वाली सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) की बैठक में भी चर्चा करेगा। माना जा रहा है कि इस चर्चा में ही इसके अमल का रोडमैप तैयार हो सकता है।सूत्रों की मानें तो देश के लगभग 99 करोड़ मतदाताओं में से करीब 65 करोड़ मतदाताओं के मोबाइल व ईमेल आयोग के पास पहले से मौजूद हैं। इनमें से ज्यादातर मतदाताओं ने नाम जुड़ने के लिए आवेदन करने के साथ ही इसे दर्ज करा दिया है, जबकि बाकी मतदाताओं की ओर स्वैच्छिक रूप से अपना आधार नंबर दिए जाने से चुनाव आयोग के पास यह ब्योरा मौजूद है। ऐसे में आयोग का फोकस बाकी बचे करीब 34 करोड़ मतदाताओं को लेकर है, जिनके मोबाइल और ईमेल जुटाए जाने हैं। गौरतलब है कि अभी आयोग को ऐसे मामलों से जूझना होता है जब बूथ पर मतदान के लिए पहुंचने के बाद लोगों को पता चलता है कि उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के नियम काफी सख्त हैं। नाम जोड़ने के लिए फार्म-6 भरना होता है। इसके साथ ही इस बात के प्रमाण प्रस्तुत करने होते हैं कि व्यक्ति उस क्षेत्र में इस पते पर रहता है। साथ ही उसका मतदाता सूची में कहीं दूसरी जगह नाम नहीं है।इनमें अधिकतर 18 वर्ष के नए मतदाता होते हैं। जबकि नाम हटाने के लिए फार्म-7 भरना होता है। इसमें नाम हटाने के सही कारण देने होते हैं। यह फार्म किसी भी राजनीतिक दल की ओर से दिया जाता है। जिसकी बीएलओ जांच करता है और यदि संबंधित व्यक्ति उस पते पर नहीं रहता है तो फिर उसके वोटर लिस्ट में जिस जगह से नाम है तो उसे हटा देता है। फार्म-8 तब भरना होता है जब आप किसी एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में शिफ्ट हो रहे हैं या फिर अपने नाम, पते, मोबाइल नंबर आदि को अपडेट या सुधार करना चाहते है तो इसे बीएलओ को देकर ठीक करा सकते हैं। जैसे ही जानकारी अपडेट होगी, आपको संदेश मिल जाएगा।

## चंद्रमा पर उतरा अमेरिकी प्राइवेट कंपनी का लैंडर ब्लू घोस्ट

### अब तक इतने देश कर चुके हैं लैंडिंग



**केप केनवरल, 03 मार्च [एजेंसी]।**

अमेरिका की एक प्राइवेट कंपनी का लैंडर रविवार को चांद पर उतरा। टेक्सास की कंपनी फायरफ्लाई एयरोस्पेस का ब्लू घोस्ट लैंडर चांद पर उतरने वाला दूसरा प्राइवेट अंतरिक्षयान है। इससे पहले पिछले साल प्राइवेट कंपनी इंट्यूटिव मशीन्स का ओडीसियस लैंडर चंद्रमा पर उतरा था। ब्लू घोस्ट नाम जुगनुओं की दुर्लभ अमेरिकी प्रजाति के नाम पर रखा गया है। फ्लोरिडा से जनवरी में प्रक्षेपित किए गए इस लैंडर ने चंद्रमा की कई तस्वीरें भेजीं। भारत समेत केवल पांच देश चंद्रमा पर लैंडर उतारने में सफल रहे हैं। 1966 में सोवियत संघ का लूना 9 चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरने वाला पहला अंतरिक्षयान था।

इसके चार महीने बाद अमेरिका ने सर्वेयर 1 को चंद्रमा पर उतारा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 1969 में अपोलो मिशन में नील आर्मस्ट्रांग और बज एल्ड्रिन को चंद्रमा पर उतारकर इतिहास रचा। नील आर्मस्ट्रांग चंद्रमा की सतह पर उतरने वाले पहले इंसान बने। 2013 में चीन ने युतु नाम का रोवर चंद्रमा पर उतारा और यह उपलब्धि हासिल करने वाला तीसरा देश बना। चंद्रयान -3 मिशन के तहत 23 अगस्त 2023 को चांद पर लैंडर उतारकर भारत ने कीर्तिमान रचा था। भारत चंद्रमा पर लैंडर उतारने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। 20 जनवरी, 2024 को चंद्रमा की सतह पर लैंडर उतारने वाला पांचवां देश बन गया।

# मानवीय तरक्की के लिए वन्य जीवों को सजा न भुगतनी पड़े

**पृथ्वी पर जीवन का आधार वन्यजीव है, जिस समय धरती से वन्यजीव का अस्तित्व पूर्ण रूप से समाप्त होगा, तब मानवीय जीवन बड़े ही दर्दनाक तरीके से ख़त्म हो जायेगा। वन्य जीवों के कारण जंगल समृद्ध होते है, जंगलों से जल स्त्रोत समृद्ध होते है, पेड़ों से मिट्टी का क्षरण रूककर उपजाऊ भूमि का बचाव होता है। सबको शुद्ध जल और शुद्ध प्राणवायु मिलती है, ऋतु चक्र बेहतर ढंग से कार्य करते है, समय पर पर्याप्त वर्षा होती है, मौसम और प्रकृति में संतुलन बना रहता है, प्राणियों की खाद्य श्रृंखला सुचारु रूप से चलती हैं। मानव और वन्यजीवों के बीच संघर्ष कम होता है। प्राकृतिक आपदाओं में कमी आती है, फसलें लहलहाती है, समाज के हर तबके को पोषक तत्वों से भरपूर स्वास्थवर्धक अन्न प्राप्त होता है। बीमारियां कम होती है, अशुद्धता, मिलावटखोरी, घातक रसायनों का प्रयोग जैसे बुराइयों पर अंकुश लगाना संभव होता है। देश आत्मनिर्भर बनता है, प्राकृतिक संसाधन संपन्न बनते है। देश में गुणवत्तापूर्ण खाद्यान, उत्पादों का निर्यात बढ़ता है और आयात में कमी आती है। मनुष्य का जीवनमान स्तर सुधरता है, और ऐसे ही मानव और देश सही मायने में तरक्की करता है। अगर देखा जाए तो मनुष्य का सम्पूर्ण जीवन ही वन्यजीवों पर आधारित है। मनुष्य लगातार प्रकृति को बर्बाद करता आया है, जबकि वन्यजीवों के बदौलत मानव जीवन का अस्तित्व टिका हुआ है, क्योंकि वन्यजीव ही जंगल, वन, प्रकृति के प्रमुख रक्षक है। इस वर्ष 2025 विश्व वन्यजीव दिवस की थीम वन्यजीव संरक्षण वित्त- लोगों और ग्रह में निवेश यह है। यह विषय वन्यजीव संरक्षण प्रयासों को समर्थन देने के लिए स्थायी वित्तीय समाधान की तत्काल आवश्यकता पर है, वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए नवीन**

**( विश्व वन्यजीव दिवस विशेष )**

देश में बढ़ती आबादी की सुख-सुविधाओं के लिए प्राकृतिक संसाधनों और सिमित स्त्रोतों पर असीमित दबाव बना हुआ है। सुंदर चहचहाते पंछियों को हम पहले ही शहरों से दूर भगा चुके है। नगर अब महानगरों का रूप धारण कर रहे है, शहरों के आसपास के गांव, जंगल, खेत, जल स्त्रोत, प्राकृतिक संसाधन तेजी से सिकुड़ रहे है। शहरों और महानगरों से गुजरने वाली नदियां अब नालों का स्वरुप धर चुकी है, बड़े-बड़े विषैले कूड़े के पहाड़, ई-अपशिष्ट और बिओमेडिकल वेस्ट लगातार बढ़ रहे है। मानवीय जीवन के लिए आवश्यक हर उत्पाद के लिए कच्चा माल प्रकृति से प्राप्त होता है, प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन के कारण आपदाओं और जानलेवा बीमारियों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आबादी अनुरूप शहरों में नयी बस्तियाँ बसाई जा रही है, सड़कों पर मनुष्य से ज्यादा वाहनों की भीड़ नजर आती है। पृथ्वी के तापमान में लगातार बदलाव नजर आ रहा है, बड़े-बड़े हिमखंड पिघल रहे है। शहरों और गांव में भी भूजल का स्तर लगातार गिर रहा है, इसका सीधा असर फसलों पर हो रहा है, तापमान बढ़ रहा है, खाद्यान का आयात बढ़ रहा है। प्रदुषण, शोर, आर्थिक विषमता और अपराध बढ़ रहे है। जंगल से वन्यजीव खाना-पानी के लिए मानवीय बस्तियों में आने को मजबूर है, जिसके कारण मानव और वन्य जीवों में संघर्ष तीव्र हो रहा है। आनेवाली पीढ़ियों के हिस्से के संसाधनों का दोहन भी हम कर चुके है। जितना हम प्रकृति से लेते है, उतना वापस करते हुए जाना होता है, लेकिन आज के युग में स्वार्थी मनुष्य प्रकृति को निचोड़कर उससे छीनता जा रहा है, प्रकृति के हर भाग पर अपना हिस्सा बनाता जा रहा है।

वन्यजीव अक्सर मानवीय हस्तक्षेप से दूर रहना चाहते है, परन्तु मनुष्य ही लगातार अपना दायरा बढ़ाता जा रहा है, जिससे वन्यजीवों के लिए भोजन ढूंढना और संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो गया है। मनुष्य की गलती की सजा वन्यपशुओं को भुगतनी पड़ती है, जलवायु परिवर्तन के मार का सबसे बड़ा भुगतान वन्यजीवों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है। मानवी तरक्की से वन्य जीवन को सीधा नुकसान पहुंचता है, उनके प्राकृतिक आवास नष्ट होते हैं और प्रदूषण के कारण मौतें होती हैं। बहुत बार जंगली जानवर सड़क दुर्घटनाओं, बिजली गिरने, खुले गड्ढे में या खेत के कुओं में डूबने से मर जाते हैं।





जैसे-जैसे सड़कों का विकास बढ़ता है, तेज गति से चलने वाले वाहनों के कारण जंगली जानवरों के मरने की संभावना बढ़ जाती है। शिकार जंगली जानवरों के लिए एक और खतरा है। वन्यजीवों में रोग, चोट, परजीविता, भुखमरी, कुपोषण, निर्जलीकरण, मौसम की स्थिति, प्राकृतिक आपदाएँ और अन्य जानवरों द्वारा शिकार इनके मृत्यु के अन्य कारण हैं। बढ़ती मानवीय गतिविधियों से झीलों, घास के मैदानों और जंगलों जैसे आवासों को नुकसान होता है, वन्यजीवों का घूमना-फिरना मुश्किल होता है। लगातार पारिस्थितिकी तंत्र में परिवर्तन होता है, जिससे वन्यजीवों को भोजन, पानी और अपने बच्चों, चूज़ों के पालन-पोषण के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध नहीं हो पाते। प्रदूषण से वायु, मिट्टी और पानी दूषित होकर जंगलों तक पहुंच जाती हैं। विश्व वन्यजीव कोष के लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट 2024 के अनुसार, केवल पिछले 50 वर्षों (1970-2020) में वन्यजीव आबादी के औसत आकार में 73 प्रतिशत की विनाशकारी गिरावट आयी है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि प्रकृति के विनाश और जलवायु परिवर्तन के कारण पृथ्वी के कुछ हिस्से खतरनाक स्तर पर पहुंच रहे हैं, जिससे मानवता के लिए गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। पिछले पांच वर्षों में महाराष्ट्र में 41 बाघों और 55 तेंदुओं का शिकार किया गया। महाराष्ट्र के प्रधान मुख्य वन संरक्षक अभय कोलारकर द्वारा आरटीआई आवेदन के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 2020 से जनवरी 2025 के बीच राज्य में 168 बाघों और 808 तेंदुओं की मौत हुई है। हालांकि अधिकारियों ने कहा है कि अधिकतर मौतें प्राकृतिक कारणों और दुर्घटनाओं के कारण हुईं, लेकिन अवैध शिकार से बाघों की मौत की संख्या चिंताजनक है। एक शिकार-विरोधी विशेषज्ञ ने बताया कि इन हत्याओं में स्थानीय शिकारियों की प्रमुख भूमिका होती है, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि क्रूर गिरोहों द्वारा किए जाने वाले 90 प्रतिशत से अधिक संगठित शिकार की घटनाएं रिपोर्ट ही नहीं की जातीं। 2002 से 2023 तक महाराष्ट्र ने 867 हेक्टेयर आर्द्र प्राथमिक वन खो दिया, जो 1.28 मीट्रिक टन कार्बनडाइऑक्सइड उत्सर्जन के बराबर है। आदर्श रूप से राज्य में 33 प्रतिशत वन क्षेत्र होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में यह केवल 16.53 प्रतिशत है। भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार, पिछले दो वर्षों में महाराष्ट्र का वन क्षेत्र लगभग 54.5 वर्ग किलोमीटर कम हो गया है। आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त स्त्रोतों से संकलित विश्व बैंक के विकास संकेतकों के संग्रह के अनुसार, 2022 में भारत में कुल वन क्षेत्र 726928 वर्ग किमी दर्ज किया गया। भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा सुदूर संवेदन उपग्रह डेटा और क्षेत्र-आधारित सूची की व्याख्या के आधार पर तैयार की गई द्विवार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कुल वन और वृक्ष आवरण 2023 तक 827,357 वर्ग किमी है, जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 25 प्रतिशत है। भारत की राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार, पारिस्थितिकी स्थिरता बनाए रखने के लिए वन के अंतर्गत कुल भौगोलिक क्षेत्र का आदर्श प्रतिशत कम से कम 33 प्रतिशत होना चाहिए। 2010 से 2018 के बीच कुछ क्षेत्रों में 50 प्रतिशत तक बड़े पेड़ नष्ट हो गये। 2010 से 2022 तक के उपग्रह चित्रों का उपयोग करते हुए, शोधकर्ताओं ने पाया कि 2018 और 2022 के बीच अनुमानित 5.6 मिलियन बड़े पेड़ गायब हो गए। 2030 तक भारत के 45-64 प्रतिशत वन जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान के प्रभावों का अनुभव करेंगे। आधुनिक साधन सुविधा संपन्न बुद्धिमान मनुष्य समाज और सरकार के होते हुए भी अनेक मौकों पर कमजोर, हताश होकर आत्महत्या या अपराध कर लेता है, फिर ऐसे स्थिति में अगर वन्यजीव केवल खाद्य-पानी की जरुरत पूरी करने के लिए भी संघर्ष करना पड़े तो वे कितने बुरे हालात में है, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है, ऐसी परिस्थिति में वे कहा जाये।

***डॉ. प्रितम भि. गेडाम***

## बॉडीकॉन आउटफिट में छाई रकुल प्रीत सिंह



बी-टाउन की खूबसूरत हसीना रकुल प्रीत सिंह जब भी अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। एक्ट्रेस का हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही ट्रेंड करने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

एक्ट्रेस की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लू कलर का बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।खुले बाल, मिनिमल मेकअप और न्यूड लिप्सटिक शेड लगाकर एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- स्टनिंग। तीसरे यूजर ने लिखा है- यू लुक सिजलिंग एंड हॉट। ऐसे ही एक के बाद एक यूजर फोटोज पर लाइक्स करते हुए अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

# आखिर महिलाएं पुरुषों से ज्यादा क्यों रोती हैं? एक स्टडी में सामने आई वजह

आपने अक्सर अपने आसपास देखा होगा कि महिलाएं पुरुषों के मुकाबले ज्यादा रोती हैं. ऐसा कहा जाता है कि इससे महिलाओं की आंखें बहुत जल्दी खराब हो जाती हैं. लेकिन पुरुषों में आंसू जल्दी नहीं आते. आज हम आपको इसके पीछे का कारण एक अध्ययन के माध्यम से बताएंगे कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं सबसे ज्यादा क्यों रोती हैं...

एक अध्ययन में पता चला

मर्दों और महिलाओं के हार्मोन और रोने के पीछे का कारण पता करने के लिए 2011 में एक अध्ययन किया गया था. इस अध्ययन में कुछ ऐसी रिपोर्ट सामने आईं, जिन्हें जानकर आप हैरान रह जाएंगे. रिपोर्ट के मुताबिक एक महिला एक साल में 30 से 64 बार या इससे भी ज्यादा बार रोती है, वो भी सार्वजनिक तौर पर. वहीं, पूरे साल में पुरुष 05 से 07 बार से ज्यादा नहीं आंसू बहाते हैं, हालांकि पुरुष अकेले रोना पसंद करते हैं.

रोने के पीछे का करण शरीर में मौजूद हार्मोन जिम्मेदार होते हैं. शोध के अनुसार, पुरुषों के अंदर वे हार्मोन



होते हैं जो महिलाओं के मुकाबले अधिक शक्तिशाली और मजबूत संगठन बनाते हैं. इस हार्मोन का नाम है टेस्टोस्टेरोन. यह वही हार्मोन है, जो किसी मर्द में सबसे अधिक या सबसे कम होता है, जो उस पुरुष की यौन गतिविधि को नियंत्रित करता है. ये वही हार्मोन हैं जो पुरुषों को रुलाते हैं और भावुक कर देते हैं, ये इमोशनल इंटेलीजेंस को कम कर देते हैं और आंसुओं को बहने से रोकते हैं.

क्या कहती है रिसर्च

एक रिसर्च के बाद पुरुषों में कम आंसुओं का कारण प्रोलेक्टन हार्मोन को माना गया है. प्रोलेक्टॉन हार्मोन व्यक्ति को भावुक बनाता है और खुद को अभिव्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है. पुरुषों में प्रोलेक्टन हॉर्मोन ना के बराबर होता है और महिलाओं में इसकी मात्रा अधिक होती है. इसलिए अपने अंदर कूट-कूट कर भरे हॉर्मोन के चलते ही महिलाएं ज्यादा रोती और भावुक होती है. वहीं पुरुषों की मर्दानगी वाला हॉर्मोन उन्हें रोने से रोक लेते हैं.



## कौन-सा हेयरब्रश आपके बालों के लिए सही है? जानें 5 प्रकार के हेयरब्रश

बालों की देखभाल में सही हेयरब्रश का चयन करना बहुत जरूरी होता है। हर व्यक्ति के बाल अलग-अलग होते हैं इसलिए उनके लिए सही ब्रश का चुनाव भी अलग होता है। इस लेख में हम आपको पांच प्रकार के हेयरब्रश के बारे में बताएंगे, जो आपके बालों की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। चाहे आपके बाल सीधे हों या घुंघराले, लंबे हों या छोटे, यहां आपको हर प्रकार के बालों के लिए उपयुक्त ब्रश की जानकारी मिलेगी। गोल ब्रश से पाएं वॉल्यूम-गोल ब्रश का उपयोग खासतौर पर वॉल्यूम बढ़ाने और कर्ल बनाने के लिए किया जाता है। यह ब्रश उन लोगों के लिए अच्छा होता है जिनके बाल पतले होते हैं और उन्हें अधिक घना दिखाना चाहते हैं। गोल ब्रश से ब्लो ड्राई करते समय आप अपने बालों को जड़ों से उठाकर उन्हें अधिक वॉल्यूम दे सकते हैं। इसके अलावा यह ब्रश कर्लिंग आयरन की तरह काम करता है, जिससे आप अपने बालों में हल्के कर्ल बना सकते हैं। पैडल ब्रश से पाएं स्मूद लुक-पैडल ब्रश बड़े और चौड़े आकार का होता है, जो लंबे और सीधे बालों को सुलझाने में मदद करता है। यह उन लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प होता है, जिनके बाल उलझ जाते हैं या जिन्हें रोजमर्रा में जल्दी तैयार होना पड़ता है। पैडल ब्रश से आप आसानी से अपने बालों को सुलझा सकते हैं और उन्हें एक स्मूद लुक दे सकते हैं। इसका उपयोग गीले या सूखे दोनों ही तरह के बालों पर किया जा सकता है। डिटैंगलर ब्रश से करें उलझे हुए बाल ठीक-डिटैंगलर ब्रश खासतौर पर उलझे और नाजुक बालों को सुलझाने के लिए होता है। इसके दांत नरम होते हैं, जो बिना खींचे उलझनों को दूर करते हैं, जिससे टूटने का खतरा कम होता है। यह बच्चों और संवेदनशील स्कैल्प वाले लोगों के लिए भी सही होता है क्योंकि इससे दर्द नहीं होता और स्कैल्प पर दबाव नहीं पड़ता। डिटैंगलर ब्रश गीले या सूखे दोनों तरह के बालों पर इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे आपका अनुभव आरामदायक बनता है। वेंटेड ब्रश से करें जल्दी ड्राई वेंटेड ब्रश उन लोगों के लिए आदर्श होते हैं, जिन्हें जल्दी-जल्दी गीले बाल सुखाने होते हैं। इसमें हवा पास होने की जगह होती है, जो ब्लो ड्राई में मदद करती है। यह खासकर मोटे या घने बालों वाले लोग पसंद करते हैं क्योंकि यह तेजी से बाल सुखाता है। इसके अलावा वेंटेड ब्रश बालों में अतिरिक्त वॉल्यूम देने में भी सहायक होता है, जिससे बाल ज्यादा भरे-भरे लगते हैं। टिजिंग कॉम्ब फॉर एक्स्ट्रा लिफ्ट- टिजिग कॉम्ब एक छोटा लेकिन असरदार उपकरण है, जिसका उपयोग खासकर पतले बालों को घना बनाने के लिए होता है।यह उन लोगों के लिए सही है, जो अपने हेयरस्टाइल में ज्यादा वॉल्यूम चाहते हैं। टिजिंग कॉम्ब से आप बालों के खास हिस्सों को उठाकर उनमें लिफ्ट ला सकते हैं, जिससे हेयरस्टाइल भरा-भरा और आकर्षक दिखता है।

## शब्द सामर्थ्य -343


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बार्या, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 342 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| वा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | व | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | व |
| | वा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |

## पति पत्नी और पड़ोसन पर युक्ति कपूरः मुझे भावनाओं के स्पेक्ट्रम में उतरने की चुनौती दी

ओटीटी प्लेटफॉर्म हंगामा एक और बहुप्रतीक्षित क्राइम थ्रिलर, पति पत्नी और पड़ोसन लेकर आया है। अभिनेत्री युक्ति कपूर को शो में मुख्य किरदार प्रतिभा की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। पति पत्नी और पड़ोसन विवाह, विश्वासघात और जुनून की अंधकारमय, पेचीदा गतिशीलता को उजागर करता है। यह शो एक छोटे शहर की जिज्ञासु मध्यवर्गीय गृहिणी प्रतिभा के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसका किरदार युक्ति कपूर ने निभाया है। अपनी रहस्यमयी नई पड़ोसी सागरिका के प्रति उसका आकर्षण जल्द ही एक खतरनाक जुनून में बदल जाता है। जैसे ही वह सागरिका के भयावह अतीत को उजागर करती है, प्रतिभा को अपने पति को इस रहस्यमय अजनबी के घातक इरादों का शिकार होने से बचाने के लिए धोखे के जाल से गुजरना पड़ता है। प्रतिभा के रूप में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, युक्ति कपूर ने कहा, एक ऐसे किरदार को निभाना वाकई रोमांचक था जो एक तरफ तो पालन-पोषण करने वाला है।

# शौचालय के सामने बैठकर ग्रामीण बेचते हैं सब्जी

## प्रशासनिक लापरवाही से नागरिकों को हो रही है सुविधा, ठेकेदार के कब्जे में शौचालय





**चरचा कालरी।** कोरिया जिले का एक शहरी क्षेत्र है नगर पालिका शिवपुर चर्चा जहां दोनों ही मुख्य राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि अपनी उपलब्धियो का गुणगान करते रहते हैं चर्चा को विकसित चर्चा बनाने में अपनी अहम भूमिका बताते हैं किंतु इस विकसित नगर पालिका का दुर्भाग्य कहे या फिर कड़वी सच्चाई यह है कि आज भी शिवपुर चर्चा मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए जंग लड़ रहा है नगर पालिका शिवपुर चर्चा में आने वाले ग्रामीण ,छोटे व्यापारी अपने आप को बेहद ही असहाय महसूस कर रहे हैं ,उनकी सुविधाओं के प्रति जनप्रतिनिधि संज्ञान नहीं ले रहे हैं और ना ही पालिका प्रशासन कार्रवाई कर रहा है इसका प्रत्यक्ष प्रमाण नगर पालिका शिवपुर चर्चा में लाखों की लागत का सार्वजनिक शौचालय है।

नगर पालिका क्षेत्र के दैनिक एवं साप्ताहिक बाजार में आने वाले ग्रामीण व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों और महिलाओं की सुविधा के लिए लाखों रुपये की लागत से लगभग 2 वर्ष पूर्व एक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण प्रारंभ किया गया था यह निर्माण कार्य लगभग एक वर्ष पूर्व पूरा हो चुका है, और इसका भुगतान भी किया जा चुका है। इसके बावजूद, शौचालय अब तक जनहित में शुरू नहीं हो पाया है और ठेकेदार के कब्जे में पड़ा हुआ है। जबकि पालिका प्रशासन की यह जिम्मेदारी बनती है कि जनहित

### गजब का विकास शिवपुर चर्चा में

के कार्यों को तत्काल प्रारंभ करें। बाजार में आने वाले ग्रामीण, व्यापारी, स्थानीय नागरिक और विशेष रूप से महिलाएँ इस सुविधा के अभाव में काफी परेशान हो रहे हैं। वर्तमान मैं गांव से आने वाले सब्जी विक्रेता शौचालय के सामने बैठकर सब्जी बेचने को मजबूर है यदि यह शौचालय जल्द चालू कर दिया जाए, तो इससे व्यापारियों और नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। जिला मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस शहरी क्षेत्र में जब ठेकेदारों की मनमानी और प्रशासन की लापरवाही देखने को मिल रही है, तो सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति कितनी दयनीय होगी। सूत्रों के अनुसार शौचालय में बेहद घटिया कार्य किए गए हैं जिसकी वजह से अभी तक लोकार्पण नहीं हो रहा है जानकारी होने के बावजूद पालिका प्रशासन के द्वारा उचित कार्यवाही न करना नगर पालिका की कार्यशैली पर सवालिया प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।

अब देखने वाली बात यह होगी कि नगर पालिका प्रशासन इस अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे को कितनी गंभीरता से लेता है और ठेकेदार के कब्जे से शौचालय को मुक्त कराकर जल्द से जल्द इसका लोकार्पण करता है या नहीं। नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द ही कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया, तो इस मुद्दे को उचित मंच तक पहुँचाया जाएगा।



## बुआ ने दी गाली तो भतीजे ने टांगी से ताबड़तोड़ वार कर उतार दिया मौत के घाट, गया जेल

**प्रतापपुर।** सूरजपुर जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर में 26 फरवरी को एक महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी भतीजे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। दरअसल मृतका की मानसिक स्थिति कमजोर थी, उसके गाली-गलौज करने से नाराज भतीजे ने टांगी से हमला कर हत्या कर दी थी।

प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरबसपुर निवासी फुलमेत की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह अपने ससुराल से वापस आने के बाद 5 साल से भाई गोपाल प्रसाद के पुराने घर में अकेले रहती थी। वह गांव में किसी को भी अनाप-शनाप बोलती रहती थी। इसी बीच 26 फरवरी की रात गोपाल प्रसाद का बेटा सुखसागर 22 वर्ष पुराने घर में गया था। यहां बुआ फुलमेत उसे गाली-गलौज करने लगी, इससे वह नाराज हो गया और टांगी तथा लकड़ी से वार कर बुआ को मौत के घाट उतार दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव का पीएम कराकर परिजन को सौंप दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी सुखसागर को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त टांगी व लकड़ी जब्त कर लिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एसआई संदीप सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज केरकेट्टा, आरक्षक अवधेश कुशवाहा, राजेश तिवारी व विरेन्द्र कुजूर सक्रिय रहे।

## नगर पालिक निगम के नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों ने ली शपथ

**अम्बिकापुर।** नगर पालिक निगम अंबिकापुर पीजी कॉलेज हॉकी स्टेडियम में नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर विलास भोसकर ने नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती मंजूषा भगत एवं पार्षदों को 8-8 के समूह में शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने नव निर्वाचित महापौर श्रीमती मंजूषा भगत एवं पार्षदों को बधाई देकर नगर विकास के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि नगर निगम अंबिकापुर के महापौर एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में हम सब साक्षी बने, कार्यक्रम में प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, मंत्री रामविचार नेताम एवं सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज एवं विधायकों की उपस्थिति में शपथग्रहण समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर उन्होंने कहा कि महापौर एवं पार्षदों के लिए जनता से बहुत बड़ा विश्वास मिला है। हमारे महापौर और पार्षद जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे, हमने जो अटल विश्वास पत्र जारी किया था उसे हमारी सरकार पूरा करेगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## शुद्धिकरण पर घिरीं नवनिर्वाचित महापौर कांग्रेस ने रैली निकालकर जताया विरोध

**अंबिकापुर।** आपने कहावत तो सुनी होगी, सिर मुड़ाते ही ओले पड़े. यह कहावत अंबिकापुर की नवनिर्वाचित महापौर मंजूषा भगत पर सही साबित हो रही है. निगम भवन के शुद्धिकरण वाले बयान पर विरोध दर्ज कराते हुए कांग्रेस ने शहर में रैली निकालकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की. कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने महापौर मंजूषा भगत पर शहर का माहौल खराब करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि यदि मंजूषा भगत अपने दिए गए बयान को लेकर माफी नहीं मांगती, तो कांग्रेस के पार्षद शपथ ग्रहण में शामिल नहीं होंगे.बता दें कि नवनिर्वाचित महापौर मंजूषा भगत ने अपने बयान में कहा था कि नगर निगम दफ्तर और वहां के कुर्सी-टेबल अशुद्ध हो चुके हैं, जिन्हें शुद्ध करने के लिए मैं गंगाजल लाई हूं. और शुद्धिकरण के बाद ही मैं महापौर की कुर्सी पर बैठूंगी।

## कीटनाशक खाकर नवविवाहिता ने दी जान, ससुर बोला- शराब के नशे में दामाद ने की थी पिटाई

**अंबिकापुर।** उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुमडेवा निवासी 24 वर्षीय एक नवविवाहिता ने महाशिवरात्रि की शाम को कीटनाशक सेवन कर लिया था। मुंह से दुर्गंध आने पर पति समेत अन्य परिजनों ने उसे इलाज के लिए मिशन अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मौत के बाद महिला के पिता ने दामाद द्वारा शराब पीकर बेटी की पिटाई करने का आरोप लगाया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुमडेवा निवासी दुर्गा यादव पति भागवत यादव 24 वर्ष 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन उसका पति बाइक से उसे देवगढ़ धाम मेला में पहुंचाकर क्रिकेट खेलने चला गया था। वहां किसी रिश्तेदार के बच्चे का मुंडन था। शाम को पति घर पहुंचा तो दुर्गा के मुंह से कीटनाशक की गंध आ रही थी। परिजन उसे इलाज के लिए उदयपुर अस्पताल ले गए। यहां रेफर करने पर उसे इलाज के लिए अंबिकापुर मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। वहीं महिला के पिता ग्राम केसमा निवासी पीतांबर यादव ने पुलिस के समक्ष बयान दिया है कि मेरी बेटी को दामाद प्रताड़ित करता था। आए दिन शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन भी मेला जाने की बात को लेकर उसके साथ मारपीट की थी। मारपीट किए जाने की जानकारी महिला ने अपने पिता को मोबाइल पर दी थी।

# बोर्ड की परीक्षाएं शुरु: 12वीं के छात्र बोले-आसान थे सवाल, बुके देकर परीक्षार्थियों का स्वागत





**बैकुंठपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 12वीं की शनिवार को पहले प्रश्न पत्र हिन्दी की परीक्षा हुई। परीक्षा देकर बाहर निकलने वाले विद्यार्थी बोले, प्रश्न पत्र ज्यादा कठिन सवाल नहीं पूछे गए थे। वहीं शिक्षा मंडल रायपुर और जिला प्रशासन की गठित उडनदस्ता टीम कई परीक्षा केंद्रों में जांच करने पहुंची।

कोरिया के 25 केंद्रों में शनिवार से बोर्ड परीक्षाएं शुरू हुई। पहले दिन 12वीं कक्षा के पहले प्रश्न पत्र हिन्दी विषय की परीक्षा हुई। सुबह निर्धारित समय पर परीक्षा शुरू कराई गई। इस दौरान प्रत्येक परीक्षा केंद्रों में आने वाले विद्यार्थियों को बुके देकर व तिलक लगाकर स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी गईं। जिले में कुल 4 हजार 920 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं, इसमें 10वीं में 2 हजार 741 और 12वीं में 2 हजार 179 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। कोरिया में कुल 25 केंद्र बनाए गए हैं। साथ ही अपर कलेक्टर, एसडीएम, डीईओ सहित आला अधिकारियों के नेतृत्व में गठित 7 उडनदस्ता दल कई परीक्षा केंद्रों की जांच करने पहुंचे। हालांकि, किसी भी परीक्षा केंद्र में नकल सहित अन्य अनियमितता नहीं पाई गई। बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखकर माशिमं रायपुर की गठित दो सदस्यीय उडनदस्ता टीम भी कोरिया पहुंची। इस दौरान रामानुज हायर सेकंडरी स्कूल सहित ग्रामीण अंचल के अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उडनदस्ता टीम को कही भी नकल प्रकरण सहित अन्य खामियां नहीं मिली। एमसीबी जिले में शनिवार को 46 केन्द्रों में 12वीं की परीक्षा शुरू हुई। जो 28 मार्च को खत्म होगी। परीक्षा के लिए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग से विकासखण्ड स्तर पर उडनदस्ता दल अलग-अलग केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंची। वहीं 10वीं के 5153 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। गोपनीय सामग्री का वितरण कर संबंधित पुलिस थानों में सुरक्षित रखवाई गई है। 10वीं की 3 से 24 मार्च और शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि की 1 से 10 मार्च तक सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे तक परीक्षाएं होंगी। कोरिया डीईओ जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि जिले के 25 केंद्रों में शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से परीक्षाएं शुरू हुई है। प्रत्येक केंद्र में विद्यार्थियों को बुके, तिलक लगा स्वागत कर हौसला बढ़ाया गया और परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी गई।

## सूना मकान पाकर चोरी करने वाले आरोपी को मुंगेली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायपुर।** थाना सिटी कोतवाली मुंगेली क्षेत्रांतर्गत ग्राम मानपुर स्थित सूने मकान में चोरी करने वाले आरोपी तुलेश्वर महिलांग से 36000 रूपये नगद एवं घटना मे प्रयुक्त हसिया को किया गया बरामद। जिला मुंगेली थाना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम मानपुर निवासी प्रेमकुमार महिलांग पिता मोहन महिलांग उम्र 30 वर्ष जो 20 मार्च को अपने बुआ सम्मत बाई के साथ ग्रामीण बैंक मुंगेली से 01 लाख रूपये निकालकर लाया था, जिसमे से 50 हजार रूपये को बुआ सम्मत बाई को दिया था और 50 हजार रूपये को अपने घर के आलमारी में लाकर रखा था कि 21 मार्च के सुबह 06 बजे अपने परिवार सहित खेत मे काम करने गया था लगभग 11 बजे प्रेमकुमार अपने परिवार सहित खेती कर वापस अपने घर आया तो देखा कि घर के पीछे का दरवाजा खुला एवं कमरे का आलमारी का लॉकर टुटा हुआ था आलमारी में रखे 50 हजार को मकान सुना पाकर कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 75/25 धारा 331(3), 305 (ए) बीएनएस के तहत थाना सिटी कोतवाली मे दर्ज कर विवेचना मे लिया गया, प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक मुंगेली श्री भोजराम पटेल (भा.पु.से.) के द्वारा त्वरित कार्यवाही करने निर्देशित किया गया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुंगेली सुश्री नवनीत कौर छाबड़ा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मुंगेली श्री मयंक तिवारी के मार्गदर्शन पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा घटना के संबंध में बारिकी से जांच कर आसपास के पड़ोसी का कथन लिया गया तथा मुखबीर द्वारा पड़ोस मे रहने वाले तुलेश्वर महिलांग को आसपास घुमते देखना एवं संदेह जाहिर किया गया, विवेचना दौरान तुलेश्वर महिलांग से पुछताछ करने पर मेमोरण्डम कथन मे घटना दिनांक को मकान सूना पाकर प्रार्थी प्रेमकुमार के घर ऑलमारी में रखे पैसे को चोरी करना स्वाकीर करने बताया व चोरी किये रकम को ग्राम निरजाम वाले रास्ते मे पुल के नीचे से 36000 रूपये एवं घटना मे प्रयुक्त हसिया को पेश करने पर बरामद किया गया व शेष पैसे को खर्च करना बताया गया, आरोपी तुलेश्वर महिलांग पिता राजकुमार महिलांग उम्र 18 वर्ष 02 माह निवासी मानपुर के द्वारा घटना कारित करना पाये जाने पर 02 मार्च को विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही मे तत्कालिन थाना प्रभारी उप निरी. गिरजाशंकर यादव, प्र.आर. प्रमोद वर्मा, दिलीप साहू आर. जलेश्वर कश्यप, विकास ठाकुर, मनोज टण्डन की अहम भुमिका रही।

# गिरौदपुरी धाम में 4 से 6 तक होगा गुरूदर्शन मेला

## श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विस्तार, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**रायपुर।** गिरौदपुरी धाम में इस वर्ष तीन दिवसीय गुरूदर्शन मेला का आयोजन 4 से 6 मार्च 2025 तक होगा। मेला आयोजन समिति की बैठक धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब की अध्यक्षता में जिला पंचायत बलौदाबाजार के सभागार में संपन्न हुई, जिसमें मेले की तैयारियों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राजमाता गुरु प्रवीण माता जी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, राजमहंतगण, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, कलेक्टर दीपक सोनी, एसएसपी विजय अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब ने बैठक में कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के सम्मान में आयोजित गिरौदपुरी मेला सबकी भागीदारी से शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की अप्रिय गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि गिरौदपुरी मेला श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, जहां लाखों लोग आते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा विशाल जैतखाम के निर्माण के साथ अन्य सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। वहीं, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि मेला समिति के सदस्य मेले की अवधि में व्यवस्थाओं की निगरानी करें और मेले के बाद सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। बैठक का संचालन कर रहे कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि इस वर्ष मेले के लिए कसडोल एसडीएम आर.आर. दुबे को मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। राज्य स्तर से 23 प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की जा रही है। श्रद्धालुओं के पेयजल की व्यवस्था के लिए मेला परिसर में स्थित टंकियों की साफ-सफाई कराकर उसमें जलापूर्ति की जा रही है। मेला स्थल पर जलापूर्ति की व्यवस्था के लिए 30 लाख, 8 लाख और 75 हजार लीटर क्षमता के टंकियां हैं। मंदिर परिसर, महराजी, छाता पहाड़ और पंचकुंडीय स्थानों पर पृथक से पेयजल टंकियों की व्यवस्था की गई है। आवश्यकता अनुसार टैंकरों से भी जल आपूर्ति की जाएगी। गुरु निवास सहित प्रमुख स्थानों पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें तैनात रहेंगी। सीएचसी कसडोल को 24 घंटे अलर्ट मोड में रखा गया है। पर्याप्त दवाइयां और एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक नगरीय निकाय से दिन में दो बार सफाई कराई जाएगी। मेला स्थल को 5 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। चलित और स्थायी टॉयलेटों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। बिजली आपूर्ति और प्रकाश व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं। वेंडिंग जोन बनाया जा रहा है ताकि व्यवस्थित रूप से दुकानें लग सकें। एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि मेले के दौरान तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी मॉनिटरिंग पुलिस कंट्रोल रूम से होगी। सात जगहों पर दमकल वाहन तैनात किए जाएंगे। अलग-अलग स्थानों पर पुलिस पेट्रोलिंग टीमें गश्त करेंगी। छाता पहाड़ क्षेत्र में वायरलेस सेट भी स्थापित किया गया है। मेला परिसर और आसपास मांस-मदिरा की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित होगी।

## नशे के कारोबारी पर दुर्ग पुलिस की कार्यवाही

**रायपुर।** थाना मोहन नगर क्षेत्र से नशीली सीरप एवं गोलीयों सहित 02 आरोपी गिरफ्तार। आरोपियों के कब्जे से नशीली सीरप एवं टेबलेट कीमती 15636 रूपये जप्त। एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग एवं थाना मोहन नगर की संयुक्त कार्यवाही। जिले में नशे के अवैध सौदागरों के खिलाफ मुहिम चलाने हेतु, श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री जितेन्द्र शुक्ला (भा.पु.से.) के द्वारा नशे के सौदागरों की पतासाजी कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देश प्राप्त हुये थे, तथा कार्यवाही हेतु ए.एन.टी.एफ टीम गठित किया गया था। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री सुखनंदन राठौर (रा.पु.से.), ए.एन.टी.एफ हेड अधिकारी एवं उप पुलिस अधीक्षक (क्राईम) श्री हेम प्रकाश नायक, नगर पुलिस अधीक्षक, दुर्ग श्री अजय सिंह (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में सहायक उप निरीक्षक गुप्तेश्वर यादव एसीसीयू एवं थाना प्रभारी मोहन नगर निरीक्षक शिव प्रसाद चन्द्रा के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था।

## महिला के खाते से 6 लाख से अधिक रकम पार

**रायपुर।** भवानी नगर कोटा में अज्ञात आरोपी ने एक महिला के बैंक खाते से 6 लाख से अधिक रकम पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सतीष राजपूत 38 वर्ष भवानी नगर कोटा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपी ने फोन पर लिंक भेजा, जिसे ओपन करने पर प्रार्थिया के बैंक खाते से 30 बार में 6 लाख 700 रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## धारदार चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** थाना खमतराई पुलिस की टीम द्वारा थाना खमतराई क्षेत्रांतर्गत धनवंतरी मेडिकल स्टोर ट्रांसपोर्ट नगर रावांभाठा में हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते आरोपी हेमंत साहू पिता लेख राम साहू उम्र 23 साल साकिन फुलवारी चौक रावांभाठा थाना खमतराई जिला रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग लोहे का बटनदार धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में अपराध क्रमांक 234/25 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

## मुख्य मार्ग को अवरूद्ध कर बर्थडे मनाने पर कार्यवाही पर दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** थाना आमानाका क्षेत्रांतर्गत उदया सासोयटी बिजली आफिस वाली रोड पर मनाया गया बर्थडे। आरोपी करणवीर सिंह का निवास उदया सोसायटी है 28 मार्च को अपने घर कालोनी के मुख्य मार्ग पर अपने दोस्तो के साथ मना कर रहा था बर्थडे पार्टी। आरोपी करणवीर सिंह एंव उनके साथीयो के विरूध अवगमन बाधित कर आम नागारिको को आने जाने पर हुई परेशानी पर अपराध क्रमाक 73/25 धारा 126(2),3(5)BNS पंजीबद्ध किया गया। आरोपी करणवीर सिंह एंव जोबन सिंह की गई गिरफ्तारी। शहर के चौक चौराहो पर मेन रोड व सार्वजानिक मार्ग जहां पर कोई व्यक्ति अपने बर्थडे पार्टी को मनाता है जिससे आवागमन बाधित होता आम नागारिक को आने जाने पर तकलीफका सामना करना पडता है इस पर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है।

# थार का कहर : पुलिस ने आरोपी चालक को दबोचा, निकाला जुलूस

**कोरबा।** पिछली रात कोरबा के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में हुई एक घटना ने लोगों को भयभीत कर दिया। विवाद के बाद एक पान ठेला सहित कई दुकानों को निशाने पर लेने वाली थार को पुलिस ने जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया है। आज सुबह मौके पर उसे लेकर पुलिस पहुंची। लोगों ने यहां जमकर भड़ास निकाली। पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर चौक से आरोपी का जुलूस निकाला।

इस मामले में राकेश यादव को गिरफ्तार किया गया है। वह मूलतः बिहार के सिवान जिले का रहने वाला है और कुछ समय से कोरबा जिले के गेवरा क्षेत्र में निवासरत है। वह पिछली रात ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में उत्पात मचाने के बाद लोगों को चकमा देते हुए भाग निकला था। खबर के अनुसार थार क्रमांक सीजी-12बीजे-5038 के चालक राकेश यादव ने बस स्टैंड रोड पर एक दुकान में विवाद किया जिस पर कुछ लोगों ने उसका वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इसके बाद उसके द्वारा गाड़ी को मोड़ने के दौरान जान-बूझकर आसपास में खड़ी कुछ गाड़ियों को ठोंक दिया। इसे लेकर हंगामा हुआ तो वह यहां से भाग निकला। उसकी हरकतों पर लोगों ने नाराजगी जताई। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इसके लिए अलग-अलग स्तर पर टीम सक्रिय की गई। एक स्थान से मिली सूचना के बाद उसे आखिरकार दबोच लिया गया। आज दोपहर 12 बजे के लगभग आरोपी को लेकर सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना, ट्रैफिक एएसआई मनोज राठौर और अन्य जवान यहां पहुंचे। काले रंग की थार के साथ आरोपी को यहां लाया गया तो कुछ ही मिनट में आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। उन स्थानों की तस्दीक आरोपी से कराई गई, जहां पर उसने रात्रि को उसकी उपस्थिति दर्ज हुई थी और उसने बड़ी अनहोनी को आमंत्रित किया। मौके पर जुटे लोगों ने इस दौरान पुलिस को बताया कि यही व्यक्ति था जो बेमतलब विवाद कर रहा था और जब उसकी वीडियो बनाई गई तो उसने थार को यहां से वहां दौड़ाते हुए तोड़फोड़ की। इससे लोगों ने अपने प्राण संकट में फंसते देख किसी प्रकार खुद को सुरक्षित किया। उसके खिलाफ सीएसईबी चौकी में मामला दर्ज किया गया है।


*लाल घेरे में आरोपी थार चालक राकेश यादव।*


*टैक्सी स्टैंड के पास बड़ी संख्या में लोगों का जमावड़ा।*

### आपराधिक तत्वों को संदेश

पुलिस ने एक बार फिर गुंडा तत्वों को सबक सिखाने के लिए उनके चेहरे सार्वजनिक रूप से पेश किए। जुलूस निकालने का तरीका इसमें शामिल है। पुलिस ने टीपी नगर चौक से सीएसईबी चौकी तक यह काम किया। इससे पहले भी कई मामलों में इस प्रकार का फार्मूला अपनाया गया है।

### बिना नंबर से चल रही कई थार, कार्रवाई कब

**कोरबा।** परिवहन विभाग के नियम के अनुसार नई व्यवस्था में शो-रूम से गाड़ी निकलने के बाद ही उनके पंजीयन की व्यवस्था की जा रही है। इस मामले में कोई भी वाहन मालिक नंबर प्लेट लगाने के मामले में बहानेबाजी नहीं कर सकता। लेकिन हैरानी की बात यह है कि कोरबा जिले में कई थार गाड़ियां पिछले दो साल से बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहीं हैं, वह भी काली फिल्म के साथ। इनके अलावा दूसरी कंपनी की चारपहिया गाड़ियों में भी काली फिल्म नजर आ रही है। इन पर न तो ट्रांसपोर्ट विभाग की नजर है और न ही ट्रैफिक पुलिस की। सभी प्रकार के वाहनों का संचालन नियम के साथ हो इसकी जिम्मेदारी परिवहन विभाग को दी गई है। अन्य मामलों में समन्वय बनाने का काम ट्रैफिक पुलिस करती है। गाड़ियों की फिटनेस से लेकर सुरक्षा मानक, पंजीयन आदि मामलों का पूरा दारोमदार परिवहन विभाग पर है। सवाल यह है कि आखिर इस प्रकार की गाड़ियों पर कार्रवाई कब होगी।

## शराब के नशे में मिले 108 के दो चालक, की 185 की कार्रवाई

**कोरबा।** वाहन चालकों से अपेक्षा की जाती है कि वे सामान्य स्थिति में खुद को रखें ताकि दूसरों की जान सलामत रहे। लेकिन बालकोनगर क्षेत्र में दो एंबुलेंस चालकों को शराब के नशे में बाइक चलाते पाया गया। पुलिस ने जांच के साथ उन पर 185 के अंतर्गत कार्रवाई की है। ये मामले कोर्ट में पेश किए जाएंगे।

बालकोनगर थाना के एएसआई अजय सिंह ने बताया कि राज जायसवाल 20 वर्ष पिता अमरीका प्रसाद जायसवाल सक्ती, मुरलीधर कर्ष 31 वर्ष पिता सबरीलाल शांतिनगर बालको निवासी 108 एंबुलेंस के चालक हैं। एंबुलेंस सेवा का संचालन निजी एजेंसी के माध्यम से किया जा रहा है जहां पर इनकी सेवाएं ली गई है। खबर के अनुसार बालकोनगर पुलिस ने वाहन चालकों की जांच के लिए अभियान शुरू कर रखा है। इसके लिए कई चेक प्वाइंट बनाए गए हैं। ऐसे ही एक प्वाइंट पर ये दोनों एंबुलेंस चालक अपनी बाइक पर पहुंचे। उनकी हरकतों पर पुलिस पर संदेह हुआ। एल्कोमीटर से जांच की गई तो जो नतीजे प्राप्त हुए वे सामान्य मानक से ज्यादा एल्कोहल की




उपस्थिति को प्रदर्शित नजर आए। इसलिए इन दोनों पर पुलिस ने धारा 185 का प्रकरण बनाया। पुलिस ने बताया कि ऐसे हर मामले में कोर्ट 10 हजार रुपए की पेनाल्टी करता है। पिछले वर्ष कोरबा जिले में 1 करोड़ से ज्यादा की पेनाल्टी अलग-अलग क्षेत्रों में ऐसे प्रकरणों में की गई है।

## छिंदपानी में महिला की मौत

**कोरबा।** पाली थाना के एक गांव छिंदपानी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने की सूचना मिली है। थाना प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि मर्ग कायम कर लिया गया है। अगली प्रक्रियाओं के लिए टीम को मौके के लिए रवाना किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच के बाद इस मामले में तथ्यों पर काम किया जाएगा।

## सिगड़ी जलाते वक्त झुलसे भाभी व ननद की हुई मौत

**कोरबा।** गेवरा बस्ती में बीते दिनों सिगड़ी जलाने के दौरान ननद और भाभी बुरी तरह से झुलस गई। इसके बाद परिजनों ने तत्काल दोनों को इलाज के लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन वहां उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ।

इलाज के दौरान जब स्थिति बिगड़ने लगी, तो परिजन उन्हें कोरबा वापस ला रहे थे, लेकिन रास्ते में ही दोनों ने दम तोड़ दिया। परिजन जब अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, तभी मुआवजे की जानकारी मिलने पर शवों को मुक्तिधाम से जिला अस्पताल लाया गया।कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामणी स्थित गोकुलगंज में रहने वाली संतोषी यादव कुछ दिन पहले गेवरा बस्ती स्थित अपने मायके गई हुई थी। वहां वह अपनी भाभी गीता यादव के साथ खाना बना रही थी। सिगड़ी जलाने के लिए उन्होंने सैनेटाइजर का उपयोग किया, जिससे अचानक आग भड़क गई और दोनों उसकी चपेट में आ गईं। इस हादसे में गीता और संतोषी गंभीर रूप से झुलस गईं थीं।

## विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर पीसीसी सचिव विकास सिंह ने मनाया पूर्व मंत्री का जन्मदिन



**कोरबा।** पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के जन्मदिन पर पीसीसी सचिव विकास सिंह के द्वारा विभिन्न आयोजन किया गया।एसईसीएल स्थित कालीबाड़ी मंदिर में दर्शन व पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली के लिए मां से आशीर्वाद मांगा गया। देवी दर्शन करने के बाद प्रशांति वृद्धाश्रम में वृद्धजनों व बच्चों के साथ केक काटा गया जिसके बाद वृद्धजनों से आशीर्वाद प्राप्त कर भोग प्रसाद का वितरण किया गया।

तपश्चात डिंगापुर स्थित दिव्य ज्योति मंदिर स्कूल बच्चों के साथ केक काटा गया। इन सभी कार्यक्रमों में मुख्य रूप से डीसीसी महामंत्री अशोक लोध, डीसीसी संयुक्त महामंत्री विजय यादव, महेंद्र सिंह,पवन विश्वकर्मा, बृजभूषण प्रसाद, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश पंकज, सुनील निर्मलकर,अमित सिंह, कमलेश गर्ग, गोलू राठौर,अमित चौहान, राजेश यादव, सुजीत बर्मन व भारी संख्या में युवा कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## पसरखेत वन परिक्षेत्र में हाथी मचा रहे उत्पात

**कोरबा।** जिले के कोरबा एवं कटघोरा वनमंडल में 62 की संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं जिनमें से 12 हाथी कोरबा वनमंडल के पसरखेत रेंज में खेतों में पहुंचकर ग्रामीणों के धान की रबी फसल को लगातार उत्पात मचाकर नुकसान पहुंचा रहे हैं और ग्रामीणों के नाकों में दम कर दिए हैं। जबकि 39 हाथी कटघोरा वनमंडल अंतर्गत केंदई रेंज के कोरबी व लालपुर सर्किल तथा 11 हाथी जटगा के अमलडीह क्षेत्र में जंगल ही जंगल रहकर शांत हैं। हालांकि यहां मौजूद हाथियों की निगरानी वन विभाग की ओर से लगातार ड्रोन कैमरे के जरिए की जा रही है।

हाथियों का दल जैसे ही हलचल करता है और गांव के निकट पहुंचता है। वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचकर उसे आने से रोक देते हैं जिससे हाथी वापस लौटकर जंगल जाने को मजबूर हो जाते हैं। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पसरखेत रेंज में मौजूद हाथियों का दल बीती रात रेंज के मदनपुर गांव में पहुंच गया और वहां ग्रामीणों की खेतों में उत्पात मचाने लगा। इस दौरान वहां लगे फसल हाथियों के पौरों से दबकर तहस-नहस हो गया जिससे ग्रामीणों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों के आने की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और हाथियों को खदेड़ा जिस पर दल वापस जंगल लौटा और पसरखेत सर्किल के जंगल के कक्ष क्रमांक 1135 में पहुंचकर विश्राम करने लगा है। हाथियों का दल वर्तमान में इसी स्थान पर मौजूद है। जिसकी निगरानी वन विभाग द्वारा लगातार की जा रही है और हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखा जा रहा है।

## पद्मिनी ने ली शपथ, नई पहचान देंगे नगर को

**कोरबा।** नगर पंचायत छुरी कला में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती पद्मिनी प्रीतम देवांगन एवं 15 पार्षदों ने हरदेवलाल वार्ड नंबर 7 सांस्कृतिक मंच में पद की शपथ ली। पद्मिनी ने शपथ ग्रहण के बाद कहा कि समग्र विकास के लिए काम करेंगे और नगर को नई पहचान भी देंगे। क्षेत्र की आवश्यकताओं के संबंध में जल्द ही सरकार को जानकारी दी जाएगी।

शपथ समारोह कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य, प्रेमचंद पटेल विधायक कटघोरा के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। जिला अध्यक्ष भाजपा मनोज शर्मा, मंडल अध्यक्ष कटघोरा अभिषेक गर्ग ,महामंत्री संतोष देवांगन जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धन्नू दुबे,राजेंद्र टंडन, अशोक चावलानी, पवन गर्ग, कौशल देवांगन, नरेंद्र देवांगन भी उपस्थित थे। अनुविभागीय अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने अध्यक्ष एवं पार्षदों सुशीला बिंझवार, मनोज कुमार विश्वास, बाल गोविंद देवांगन, श्याम कुमार साहू, सुलोचना केंवट, संगीता यादव, हीरानंद पंजवानी, बालगोविंद केंवट, नमिता यादव, सुभाष जोशी, कामता प्रसाद देवांगन, करुणा शंकर देवांगन, कांति देवी श्रीवास, शकुंतला देवी



गोंड, होरी चेलकर को पद की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह में चुन्नीलाल देवांगन ,रामकृष्ण दुबे, विनोद कुमार दुबे, देवी महाराज, महेंद्र सिंह राजपूत, कृष्ण चंद्र अग्रवाल, रामविलास साहू , टेक चंद अग्रवाल, प्रीतम देवांगन, नोखे देवांगन, हरिहर देवांगन, संतोष जायसवाल, फूलबाई, जानकी यादव, गायत्री श्रीवास्तव, प्रतिभा देवांगन, नरेश देवांगन, माधव देवांगन, संपूरन दास, खेमचंद देवांगन डॉक्टर संतोष सोनी, रमेश सिंघानिया, चूड़ामणि देवांगन, संतोष जायसवाल, ईश्वर देवांगन, घसिया राम केंवट, रामशरण साहू, मुरारीलाल साहू, पंचराम, जगन्नाथ देवांगन,कृष्ण कन्हैया साहू, भगत राम देवांगन सहित बीएस मडावी तहसीलदार कटघोरा, नगर पंचायत छुरी के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी अवधेश देवांगन उपस्थित रहे।

## दीपका क्षेत्र के विकास के लिए होगी पूरी कोशिश : देवांगन

### अध्यक्ष राजेन्द्र और पार्षदों को शपथ दिलाई एसडीएम ने

**कोरबा।** कोरबा जिले की नगर पालिका परिषद दीपका में अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत सहित पांचवीं बार जीत कर आए अरुणीश तिवारी एवं अन्य वार्डो से निर्वाचित पार्षदों का शपथ समारोह रविवार को नगर पालिका परिसर में संपन्न हुआ। कटघोरा के सब डिविजनल ऑफिसर रिवेन्यू रोहित सिंह के द्वारा उन्हें पद और गोपीनीयता की शपथ दिलाई गई। सबसे पहले अध्यक्ष और उसके बाद अलग-अलग समूह में पार्षद गण ने शपथ ली।

पूजा अर्चना के साथ शपथ समारोह का औपचारिक शुभारंभ हुआ। नगर पालिका प्रशासन की ओर से अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। तत्पश्चात् निर्वाचित प्रतिनिधियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने इस कहा कि केंद्र के साथ प्रदेश और अब नगरी निकायों में भाजपा नेतृत्व को कम करने का अवसर प्राप्त हुआ है। निकाय चुनाव में जनता की ओर से हमें जनादेश



प्राप्त हुआ है और हमारी प्रतिबद्धता है कि अगले 5 वर्ष तक निकायों को एक अच्छी दिशा देने का काम किया जाए। श्रम और उद्योग मंत्री देवांगन ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र दीपका कोयला खदान और छोटे उद्योगों से घिरा हुआ है। रेलवे कॉरिडोर के प्रारंभ होने से यहां पर औद्योगिक विकास और तेज होगा। लेकिन इससे पहले क्षेत्र के विकास और जन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नगर पालिका को पर्याप्त संसाधन एवं धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी यह हमारा संकल्प है। निकाय चुनाव के दौरान जारी किए गए संकल्प पत्र के अंतर्गत भी उन्होंने सभी कार्यों को पूरा करने की बात कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यहां से निर्वाचित सभी प्रतिनिधियों को बधाई दी और आशा जताई कि वे अपनी भूमिका का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। श्री पटेल ने कहा केंद्र और प्रदेश में अच्छी सरकार होने से सभी क्षेत्रों को उनकी उम्मीद के हिसाब से फायदा होना ही है।

शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री मंत्री ननकी राम कंवर, दीपका प्रभारी राकेश तिवारी जिला भाजपा के अध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला महामंत्री संतोष देवांगन भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अशोक चावलानी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष संतोषी दीवान, संतोष गुप्ता, प्रफुल्ल तिवारी सहित मंडल अध्यक्ष, भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता नागरिक, तहसीलदार अमित केरकेट्टा, सीएमओ राजेश गुप्ता, अभियंता विद्यानंद मधुकर काफी संख्या में उपस्थित रहे।

### जनता ने भाजपा को दिया जनादेश : मनोज

जिला भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के तथा कथित नेताओं के द्वारा शपथ ग्रहण समारोह को असफल करने की पूरी कोशिश की गई और अनेक बाधा डालने का पुरजोर प्रयास किया गया। वह अपने आदत से बाज नहीं आते जनता जनार्दन ने सफलतापूर्वक शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेते हुए समारोह को सफल किया और 15 पार्षदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ अध्यक्ष के साथ ली कांग्रेसियों को हारने के बाद भी हार स्वीकार करने की आदत नहीं है। जनता ने पूरी तरह से सुपड़ा साफ कर दिया है और दीपका नगर पालिका में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत हुई है इसके बाद भी वह अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं और खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे की कहावत चरितार्थ कर रहे हैं जबकि यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से सरकारी था और प्रोटोकॉल का पूरा ध्यान रखा गया था।

### कांग्रेस पार्षदों ने किया किनारा

फ्लैक्स में सांसद ज्योत्सना महंत की फोटो नहीं लगाने से नाराज होकर कांग्रेस पार्षद इस कार्यक्रम से दूर रहे। उन्होंने इस कार्यक्रम में शपथ नहीं ली। अध्यक्ष पद का चुनाव हारने वाले विशाल शुक्ला ने कहा कि सदन में भी शपथ लेने का प्रावधान है।

## सुरेश कुमार मित्तल का निधन

**कोरबा।** नगर पालिका कटघोरा के पूर्व अध्यक्ष रतन मित्तल के बड़े भाई व नरेंद्र ज्वेलर्स के संचालक सुरेश कुमार मित्तल का 70 वर्ष की आयु में रविवार शाम आकस्मिक दुखद निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र नरेंद्र मित्तल, दो पुत्री व नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। उनके निधन का समाचार मिलते ही कटघोरा नगर के व्यवसायियों सहित परिजनों व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को प्रातः स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर स्वजातीय बंधुओं के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। इससे पहले उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से निकाली गई।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com